रोहतक
शुक्रवार 24 अप्रैल 2026
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 79
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 43.4
न्यून. 20.7

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## खुले कपाट, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

# 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंजा धाम

चमोली। चारधाम यात्रा के पांचवें दिन आज चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट विधिवत रूप से खोल दिए गए हैं। सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर मंदिर के द्वार खुलते ही सबसे पहले सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनके बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भगवान के दर्शन किए। अनुमान है कि पहले दिन करीब 7 हजार लोग दर्शन के लिए पहुंचेंगे, कपाट खुलने के समय मंदिर परिसर में करीब 2 हजार लोग मौजूद थे। यहां सबसे पहले बीते छह महीनों से जल रही अखंड ज्योति के दर्शन किए जा रहे हैं। वहीं, कपाट बंद होने के समय बद्रीविशाल पर चढ़ा घृत कंबल हटा दिया गया है। बद्रीनाथ धाम के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन चंद्र उनियाल ने बताया कि इस साल कंबल घी में लबालब मिला है, जो ये संकेत देता है कि पूरे साल मौसम अनुकूल रहेगा।

- सीएम पुष्कर धामी के बाद शंकराचार्य ने किए दर्शन

### क्या है घृत कंबल कैसे बनता है

घृत कंबल माणा गांव की कुंवारी लड़कियां एक ही दिन में उपवास रखकर बनाती हैं। ऊन से बने इस कंबल को बद्री गाय के शुद्ध घी में अच्छी तरह डुबोया जाता है। कपाट बंद होने से पहले भगवान बद्रीविशाल की प्रतिमा को इसी कंबल से पूरी ढक दिया जाता है। बर्फबारी और माइनस तापमान में भी कंबल में लगा घी जमता नहीं है। कपाट खुलने पर अगर कंबल सही सलामत, नरम और घी से भरा मिले, तो इसे अच्छे मौसम, फसल और समृद्धि का संकेत माना जाता है।

## खेला हो गया

# 92.72%

# पश्चिम बंगाल में लगभग हर मतदाता ने डाला वोट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/चेन्नई

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 92.72% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 85.14% वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 8 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। दोनों राज्यों में आजादी के बाद अब तक सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। इससे पहले तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मतदान 2011 में 78.29% था, जबकि बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने एसआईआर के खिलाफ बंपर वोटिंग की है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि टीएमसी का सूरज ढल चुका है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी। पाचों राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे।

## वोटिंग का नया रिकॉर्ड

### ममता बोलीं
एसआईआर के विरोध में हुई बंपर वोटिंग

### शाह ने कहा
टीएमसी का सूरज अब ढल चुका

## तमिलनाडु में भी 85% से अधिक मतदान हुआ

## दोनों राज्यों में आजादी के बाद सबसे ज्यादा वोट पड़े



मुर्शिदाबाद में हिंसा के दौरान पुलिस के जवान भीड़ को हटाते हुए

**बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर डाले गए वोट**

### गाड़ी में ईवीएम मिलने का दावा

जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम को लेकर विवाद हो गया। श्रीपुर इलाके में एक सड़क किनारे ढाबे के पास खड़ी एक गाड़ी में ईवीएम मिलने का आरोप सामने आया है, जिससे चुनावी माहौल गरमा गया। स्थानीय लोगों और विपक्षी नेताओं का कहना था कि ऑन इलेक्शन ड्यूटी- जमुरिया एसी 279 लिखी गाड़ी में कई रिजर्व ईवीएम रखी हुई थीं, लेकिन मौके पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था।

## वोटिंग के दौरान कई जगह मारपीट-झड़पें

- बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार को भीड़ ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ था। इसके बावजूद भीड़ ने उन्हें खदेड़ दिया।
- पश्चिम बर्धमान जिले के बर्नपुर में आसनसोल साउथ सीट से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ। इससे गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। अग्निमित्रा ने बताया कि उनकी कार पर पत्थर फेंके गए।
- बीरभूम के बोधपुर गांव में ईवीएम खराब होने के बाद लोगों ने पुलिस और सेंट्रल फोर्स पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ भी की। घटना में कई सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।
- मुर्शिदाबाद के नौदा में बुधवार देर रात देसी बम से हमले में कई लोग घायल हो गए। आम जनता उन्नयन पार्टी चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया।
- सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच बहस हो गई। विवाद बढ़ता देख सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। यहां से शंकर घोष भाजपा प्रत्याशी हैं।

### तमिलनाडु: वोटिंग में दिखा जबरदस्त उत्साह

तमिलनाडु में मतदान का प्रतिशत 85.14 रहा। यह आंकड़ा 2016 के विधानसभा चुनाव की तुलना में करीब 11 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी देखने को मिली है। तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में सुबह-सुबह ही रजनीकांत, कमल हासन, अजित कुमार जैसे कई बड़े एक्टरों ने वोट डाला। अभिनेता से राजनेता बने एक्टर विजय ने भी वोटिंग की। क्रिकेटर आर.अश्विन ने भी मतदान किया। करूर जिले में सबसे ज्यादा 91.78 फीसदी मतदान हुआ ये वही जगह है जहां विजय की रैली में भगदड़ मची थी और 11 लोगों की मौत हुई थी।

### कोलकाता में डटे अमित शाह, वॉररूम में ली बैठक



बंगाल में पहले चरण का मतदान खत्म हो गया है। इस बीच भाजपा ने दूसरे चरण के लिए भी तैयारियां तेज कर दी हैं। गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में भाजपा नेताओं की प्रदेश कार्यालय पर मीटिंग ली। इस मीटिंग में दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियों पर बात हुई है। इसके अलावा कैसे प्रचार को गति दी जाए? इस पर भी मंथन किया गया रासबिहारी विधानसभा से कैंडिडेट स्वप्न दासगुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री शाह कालीघाट मंदिर जाएंगे। यह सभी हिंदुओं के लिए बेहद पवित्र स्थान है और मेरी विधानसभा रासबिहारी में पड़ता है।' उन्होंने इस इलाके में टीएमसी सरकार के दौरान विकास न होने की शिकायत की।

### ईसी ने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को स्थापित किया : मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में यह अपनी तरह का पहला चुनाव है जिसमें हिंसा को न्यूनतम स्तर पर रखा गया है। पहले अराजकता और गुंडागर्दी का दौर चल रहा था। मैं चुनाव आयोग को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया है।

## स्वास्थ्य विभाग में 69 रिक्त पदों पर भर्ती किए जाएंगे फिजियोथेरेपिस्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही फिजियोथेरेपिस्ट के 69 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, इसके लिए हरियाणा लोक सेवा आयोग में मांग पत्र भेजा गया है। पहले विभाग द्वारा 54 रिक्त पदों पर भर्ती किए जाने बारे लोक सेवा आयोग को मांग पत्र भेजा गया था, अब संशोधित करके फिजियोथेरेपिस्ट के 69 रिक्त पदों पर भर्ती करने के लिए भेजा गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने आगे यह भी बताया कि जींद जिला के गांव उझाना तथा करनाल जिला के गांव संभली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की भी हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गई है , इनमें उझाना सीएचसी निर्माण के लिए 2195.46 लाख रुपये की तथा संभली सीएचसी के लिए मुख्यमंत्री ने 2322.37 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। आरती सिंह राव ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिस भी ग्रामीण क्षेत्र में उपस्वास्थ्य केंद्र , पीएचसी , सीएचसी या अन्य स्वास्थ्य संस्थान खोलने की आवश्यकता हो , उस गांव में जल्द से जल्द नियमानुसार शुरू किया जाए।

**स्वास्थ्य मंत्री का ऐलान**



उझाना और संभली में बनेंगी सीएचसी



**खबर संक्षेप**

## पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र का आधार

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने 24 अप्रैल को मनाए जा रहे राष्ट्रीय



पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारत के लोकतंत्र की मजबूत नींव है, जो ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को सशक्त बनाती है। यह व्यवस्था न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुंचाती है, बल्कि गांवों के समग्र विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## योग को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर चर्चा

**पंचकूला।** हरियाणा योग आयोग चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य ने सेक्टर-3 स्थित आयोग कार्यालय में बोर्ड की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ओएसडी भारत भूषण भारती भी उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षा पाठ्यक्रम में योग को लागू करने के लिए शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मांगी गयी एवं आगामी कार्रवाई पर चर्चा की गई। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक शीघ्र आयोजित की जानी प्रस्तावित की गयी।

## मांगों को लेकर शिक्षक विभाग के डीजी से मिले

**चंडीगढ़।** सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर शिक्षा विभाग में हलचल शुरु हो गई है। जनगणना ड्यूटी के आवंटन में नियमों की अनदेखी और लंबे समय से अटकी पदोन्नतियों के मुद्दे पर शिक्षक संगठन आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। इसी कड़ी में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य प्रधान सतपाल सिंधु के नेतृत्व में शिक्षा महानिदेशक जितेंद्र दहिया से मुलाकात कर मांगों का ज्ञापन सौंपा।बैठक के दौरान शिक्षकों ने सबसे प्रमुख मुद्दा जनगणना ड्यूटी के आवंटन में हो रही विसंगतियों का मामला उठाया।

## कर्मचारियों की अनदेखी कर रही सरकार : लांबा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा बुधवार को अग्निशमन विभाग पंचकूला में हड़ताली कर्मचारियों के चंडीगढ़ पंचकूला में चल रहे धरने पर पहुंचे और हड़ताल तथा मांगों का पुरजोर समर्थन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि 8 अप्रैल से राज्य में लगभग शत-प्रतिशत अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी जायज़ मांगों जैसे अग्निकांड में अकाल मृत्यु का शिकार हुए दोनों कर्मियों की शहीद का दर्जा और मृतक आश्रितों को नौकरी और एक एक करोड़ आर्थिक सहायता और ठेका कर्मियों को रेगुलर करने की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

# हरियाणा बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर का ग्लोबल हब

## ■ मुख्यमंत्री ने दूसरे दिन भी उद्योगपतियों से किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार राज्य को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग , आईटी, एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स , गेमिंग और कॉमिक्स सेक्टर का वैश्विक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार एक ऐसी नई औद्योगिक नीति तैयार कर रही है, जो इन उभरते क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकी विकास को बढ़ावा देगी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को नई दिल्ली में उद्योगपतियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि आईटी और एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ बनते जा रहे हैं। हरियाणा अपनी मजबूत कनेक्टिविटी, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग-अनुकूल माहौल के कारण वैश्विक निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन रहा है। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हरियाणा को देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों का प्रमुख केंद्र बनाना है। इस मौके पर उद्योगमंत्री व अधिकारी मौजूद रहे।



### माइक्रोसॉफ्ट एआई शिक्षा में करेगा सहयोग

माइक्रोसॉफ्ट के प्रतिनिधि संदीप अरोड़ा ने स्कूलों, आईटीआई और अन्य शिक्षण संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा। इसके तहत छात्रों को शुरुआती स्तर से ही एआई, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार आरएंडडी को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन भी देगी

### एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर के लिए अलग नीति

सरकार एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर के लिए अलग समर्पित नीति लाने पर विचार कर रही है। फिक्की एवीजीसी-एक्सआर फोरम के चेयरमैन आशीष कुलकर्णी, ई-गेमिंग फेडरेशन के देवभूति बख्शी और मीडिया एंड स्किल एंटरटेनमेंट काउंसिल के सीईओ मोहित सोनी ने ई-स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को मजबूत बनाने और क्रिएटिव स्किल्स के विकास के लिए इनक्यूबेशन सेंटर व सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने पर जोर दिया।

### पिंजौर डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित हो रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिंजौर स्थित ऐतिहासिक यादवेंद्र गार्डन को डेस्टिनेशन वेडिंग हब के रूप में विकसित करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। आईएचसीएल के प्रतिनिधि पुनीत मक्कड़ ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को विश्वस्तरीय बनाने के लिए ताज ग्रुप के साथ चर्चा जारी है। इसके अलावा फार्मास्यूटिकल, मेडिकल डिवाइस और ई-वेस्ट सेक्टर के प्रतिनिधियों से भी सुझाव लिए गए।

## नायब सैनी से मिले सुजूकी के सीईओ, निवेश बढ़ाने पर चर्चा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में सुजुकी मोटर के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कंपनी ने हरियाणा में भविष्य में निवेश बढ़ाने का भरोसा दिया। तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि सुजुकी भारत के साथ-साथ हरियाणा के विकास में भी सहयोग जारी रखेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि राज्य और कंपनी के बीच साझेदारी आगे और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है और सुजुकी को एसजीएसटी इंसेंटिव भी दिया गया है। बैठक में हाइब्रिड और सीएनजी वाहनों पर फोकस की बात सामने आई। सुजुकी ने संकेत दिए कि भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहन प्लांट के लिए हरियाणा प्राथमिक विकल्प हो सकता है। साथ ही, कंपनी कंप्रेस्ड बायोगैस सेक्टर में भी निवेश बढ़ा रही है और 9 प्लांट लगाने की योजना है, जिनमें से 2 शुरू हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने जापान में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित करने की योजना साझा की और टोक्यो में होने वाले सेमिनार का न्योता दिया।

■ कंपनी की बायोगैस सेक्टर में 9 प्लांट लगाने की योजना



**नीलामी विज्ञापन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला भिवानी के भिन्न-भिन्न विभागों के कंडम सरकारी वाहनों/सामान तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, भिवानी के फैसलाशुदा / जब्ती / लावारिस वाहनों की नीलामी हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 01.05.2026 को की जानी है। नीलामी से सम्बधित सभी नियम एवं शर्ते व धरोहर राशि आदि बारे https://eauction.gov.in से जानकारी प्राप्त करें। धरोहर राशि व अन्य जरुरी दस्तावेज दिनांक 29.04.2026 को सायः 05:00 बजे तक जिला नाजर उपायुक्त कार्यालय, भिवानी में जमा करवाएं।

**हस्ता/-अतिरिक्त उपायुक्त, भिवानी।**

पीआरडीएच-1029/11/746/2027/44772/88/6 दि. 23.04.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 135 दिनांक 21.04.2026 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला कालोनी रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - अंजली
पिता/पति- D/O विनोद
पता - निवासी वार्ड नं. 9 स्वास्तिक मेडिकल वाली गली सांपला जिला रोहतक।
उम्र- 18 वर्ष।
कद- 4 फुट 8 ईंच।
हुलिया - रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, लंबे बाल जो पिंक कलर की टी-शर्ट व भूरे रंग की लोवर व पैरों में चप्पल पहने हुए।

दिनांक 20.04.2026 को अजंली पुत्री विनोद निवासी वार्ड नं.-9 स्वास्तिक मेडिकल वाली गली सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना रोहतक -9467204900

पीआरडीएच-1084/11/4715/2027/44762/88/6 दि. 23.04.2026



# आईएएस पर भारी पड़ी हाईकोर्ट की अवमानना एक लाख जुर्माना लगाया, सीधा सैलरी से कटेगा

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना से जुड़े एक सेवा विवाद में कड़ा रुख अपनाते हुए हरियाणा के एक आईएएस अधिकारी मुकुल कुमार को लंबित पालना रिपोर्ट व हलफनामा दाखिल करने के लिए अंतिम अवसर दिया है, लेकिन इसे एक लाख रुपये के जुर्माने की शर्त से जोड़ा गया है। यह राशि सीधे उनके वेतन से काटी जाएगी। पंचकूला निवासी बीबी गुप्ता द्वारा दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ ने सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि पिछली सुनवाई में भी अंतिम मौका दिया गया था।

### इस्तीफे के विवाद में आदेश

मामला हैफेड के एक पूर्व कर्मचारी की सेवा से जुड़ा जिसमें याची के इस्तीफे को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि उसका इस्तीफा पहले स्वीकार नहीं किया गया था और उसने बाद में इसे वापस भी ले लिया था, लेकिन इसके बावजूद सक्षम प्राधिकारी ने लगभग 30 वर्ष पहले इसे पूर्व प्रभाव से स्वीकार कर लिया। इस विवाद पर पहले सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि इस्तीफा तब तक प्रभावी नहीं होता जब तक उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा औपचारिक रूप से स्वीकार न किया जाए। कोर्ट ने 6 सितंबर 1994 के आदेश को अधिकार क्षेत्र से बाहर और विधि सिद्धांतों के विपरीत करार देते हुए रद्द कर दिया था। जुर्माना राशि को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में जमा करवाया जाएगा।

## फूड सेफ्टी अफसर को मशीनरी जब्त करने का अधिकार नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने फूड सेफ्टी मामलों में प्रशासनिक अधिकारियों की शक्तियों की सीमा स्पष्ट करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 के तहत फूड सेफ्टी अधिकारी को प्लांट और मशीनरी जब्त करने का कोई अधिकार नहीं है। इस तरह की कार्रवाई केवल सक्षम अदालत द्वारा ही की जा सकती है और वह भी विधि में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार। जस्टिस जस्टिस जगमोहन बंसल की पीठ ने कैथल स्थित एक फर्म एम एस सिंगला ट्रेडर्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। याचिका में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा जब्त की गई मशीनरी को चुनौती दी गई थी।

## पुलिस विवाद मामले में हाईकोर्ट पहुंचे दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अपने काफिले को रोककर हथियार दिखाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उन्होंने न केवल इस पूरे मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है, बल्कि जांच को हरियाणा पुलिस से हटाकर किसी स्वतंत्र एजेंसी, जैसे सीबीआई या चंडीगढ़/पंजाब पुलिस को सौंपने की भी प्रार्थना की है। याचिका में कहा गया है कि 17 अप्रैल 2026 को हिसार में उनके काफिले को एक सफेद बोलेरो वाहन ने रोक लिया। आरोप है कि सिविल ड्रेस में मौजूद पुलिस अधिकारी, जिनमें इंस्पेक्टर पवन कुमार का नाम प्रमुख रूप से लिया गया है, ने हथियार लहराते हुए उन्हें और उनके सुरक्षाकर्मियों को धमकाया। दुष्यंत चौटाला ने कोर्ट को बताया कि वह वाई-प्लस सुरक्षा श्रेणी के तहत संरक्षित हैं, बावजूद इसके इस तरह की घटना होना बेहद गंभीर है। हाई कोर्ट मामले पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा।



**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | अनुसूची–ए "एडीएन/जेयूडीडब्ल्यू के तहत एसएसई/डब्ल्यू/जेयूडीडब्ल्यू–II के खंड में सीओई जल टैंक बनाने के लिए टैंक सफाई खंड का नवीनीकरण" अनुसूची–बी "जेयूडीडब्ल्यू में नई कार पार्किंग की लाइटिंग और वायरिंग का काम"। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 15.05.2026 प्रातः 11:45 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 22.04.2026 17:02 |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू 13,04,785/– सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू 26,100/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार। | समापन की अवधि | 90 दिन |
| बोली आरंभ तिथि | 01.05.2026 | बोली समाप्ति तिथि | 15.05.2026 प्रातः 11:45 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56-W-इलेक्ट-24-25-प्लैनेट-42(COEWT और NCP)/RT

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1345/26



## इनेलो ने पंचकूला और सोनीपत के मेयर प्रत्याशियों का ऐलान किया

■ मनोज अग्रवाल पंचकूला व आनंद खत्री सोनीपत से लड़ेंगे चुनाव



**चंडीगढ़।** हरियाणा निकाय चुनाव को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। सोनीपत नगर निगम में आनंद खत्री और पंचकूला नगर निगम के लिए मनोज अग्रवाल इनेलो ने मेयर पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

अंबाला नगर निगम मेयर पद उम्मीदवार का ऐलान इनेलो शाम तक तय कर सकती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नामों का ऐलान किया। इस मौक चौटाला ने हरियाणा सरकार को कई मोर्चों पर घेरा, उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद के दौरान पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं की मंडियों में ड्यूटी लगाई थी और सहायक केंद्र भी खोले थे, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो, लेकिन सरकार की नीतियों के कारण किसानों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अन्य मुद्दों पर भी सरकार को घेरा।

## भ्रष्टाचार की शिकायत पर प्रभावी रेड सुनिश्चित करें : एएस.चावला

■ एसीबी प्रमुख ने फील्ड अफसरों को बैठक में दिए निर्देश



**चंडीगढ़।** हरियाणा में भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एसीबी प्रमुख ए एस चावला की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस रूम में संपन्न हुई, जिसमें ब्यूरो की विभिन्न शाखाओं एवं रेंज कार्यालयों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। एसीबी प्रमुख ए एस चावला ने मंडल अधिकारियों एवं यूनिट इंचार्जों को स्पष्ट निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार के मामलों में निरंतर और प्रभावी रेड सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक कार्रवाई ठोस तथ्यों एवं पुख्ता साक्ष्यों पर आधारित हो ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशानी ना हो और निष्पक्षता बनी रहे।

## निगम चुनाव में चमत्कारी परिणाम देंगे : गुप्ता

**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बृहस्पतिवार को सोनीपत , अम्बाला और पंचकूला का तूफानी दौरा किया। आप प्रदेश अध्यक्ष डॉ



गुप्ता ने नगर निगम चुनाव को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बीजेपी के कुशासन से जनता पूरी तरह तंग आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चुनाव में कांग्रेस का मेयर चुना गया था, जो बाद में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गया और आज सोनीपत का बीजेपी विधायक है। इस कारण कांग्रेस को वोट देना मतलब सीधे बीजेपी को वोट देना है। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों पर आम आदमी पार्टी ही एकमात्र ईमानदार राजनीतिक विकल्प है।

## 63170 किमी. सड़कों के निर्माण व मरम्मत का लक्ष्य

**चंडीगढ़।** सरकार द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में शुरू की गई म्हारी सड़क एप एक प्रभावी डिजिटल पहल के रूप में स्थापित हो रही है। इसके माध्यम से आम नागरिकों को सीधे शासन व्यवस्था से जोड़ते हुए सड़कों की स्थिति सुधारने में जनभागीदारी को सशक्त किया जा रहा है।राज्य सरकार द्वारा विकसित यह एप नागरिकों के फीडबैक पर आधारित है, जिसके माध्यम से सड़कों से संबंधित शिकायतों का न केवल त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष में प्रदेश की 63,170 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा।

### 5.86 करोड़ से ज्यादा निःशुल्क टेस्ट किए : सुमिता मिश्रा

# 'निरोगी हरियाणा' में एक करोड़ से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, अब बुजुर्ग भी होंगे शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार के निवारक स्वास्थ्य कार्यक्रम निरोगी हरियाणा ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 1 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच और 5.86 करोड़ से ज्यादा मुफ्त लैब टेस्ट किए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इससे बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि 21 अप्रैल तक अंत्योदय परिवारों के 1 करोड़ से अधिक लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। योजना का दायरा बढ़ाकर अब 3 लाख रुपये तक आय वाले परिवारों को भी



शामिल किया गया है, जिससे लाभार्थियों की संख्या करीब 2.30 करोड़ हो गई है। तीसरे चरण में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 1.11 लाख से अधिक आउटरीच कैंप लगाए गए, जिनमें 38 लाख से ज्यादा लोगों की जांच हुई। मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और आंगनवाड़ी, स्कूल व औद्योगिक क्षेत्रों में भी स्क्रीनिंग की गई। इस पहल के जरिए एनीमिया, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कैंसर जैसी बीमारियों का समय रहते पता लगाकर उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक 8.69 लाख से अधिक रोगों की पहचान की जा चुकी है। यह योजना अब राज्य के 2000 से अधिक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच चुकी है, जिससे निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिल रही है।

## 13500 लड़कियों को लगी एचपीवी वैक्सीन

**चंडीगढ़।** सरकार ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान को तेज कर दिया है। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार यहां राज्य स्तरीय संचालन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए टीकाकरण अभियान के विस्तार और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 2.26 लाख किशोरियों को कवर करने के लिए 2.28 लाख वैक्सीन डोज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि गत 22 अप्रैल तक राज्य में 13,500 से अधिक किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन दी जा चुकी है।



**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Home Finance** पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400051

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059
शाखा पता : एससीओ 154, प्रथम तल, रेड स्क्वेयर मार्केट, यूई-1, निकट टेलीफोन एक्सचेंज, हिसार-125001
शाखा पता : एससीओ नं. 121, सेक्टर-17, प्रथम तल, कमर्शियल बैल्ट, जगाधरी रोड, यमुनानगर-135003
शाखा पता : द्वितीय तल, 2/30, बुलगेनिंस टावर, आदर्श नगर, डी-पार्क, दिल्ली रोड, रोहतक-124001

निम्नलिखित कर्जदार आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड ("आईसीआईसीआई एचएफसी") से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज का पुनर्भुगतान करने में चूककर्ता बन चुके हैं और ऋणों को नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) के तौर पर वर्गीकृत किया गया है। प्रतिभूति हित अधिनियम-2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर उनको एक नोटिस जारी किया गया था, यद्यपि इसकी तामील नहीं हो पाई और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम/ (ऋण अकाउंट नम्बर) और पता | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति / प्रवर्तित की जानी परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | भेजे गये नोटिस की तिथि / नोटिस की तिथि के अनुसार बकाया | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मृतक स्व. श्री राकेश कुमार पुत्र प्रेम कुमार (कर्जदार) के कानूनी वारिस, जानू पुत्र मृतक स्व. श्री राकेश कुमार जो सह-आवेदक और कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), शशि किरण पत्नी मृतक स्व. श्री राकेश कुमार जो सह-आवेदक और कानूनी वारिस (सह-कर्जदार), गली नं. 1, बेगु रोड, परमार्थ कॉलोनी, सिरसा-125055-हरियाणा- मोबाइल नं. 9896538008, LHSIR00001273360 | राकेश कुमार के पक्ष में किशन लाल द्वारा निष्पादित दस्तावेज नं. 829 दिनांक 30.04.2015 के अनुरूप गांव खाजाखेड़ा, तहसील व जिला सिरसा-125055 में स्थित एसक्यू. नं. 79, किल्ला नं. 26/1, खेवट नं. 3041, खाता नं. 3545 में निहित भूमि 14 कनाल 8 मरला का 44/2592 हिस्सा जो 4 मरला 8 सरसाई अर्थात माप 146.66 वर्गगज सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : रास्ता 24 फुट, दक्षिण : खाली प्लॉट 24 फुट, पूर्व : खाली प्लॉट 55 फुट, पश्चिम : खाली प्लॉट 55 फुट। | 16-04-2026 रु. 11,75,398/- | 05-03-2026 |
| 2. | रत्तन चंद शर्मा पुत्र कृष्ण चंद शर्मा (कर्जदार), गीता शर्मा पत्नी रत्तन चंद शर्मा (सह-कर्जदार), ग्रीन विहार कॉलोनी, शिव मंदिर, उदय पैलेस के पीछे, जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001- हरियाणा मोबाइल नं. 9467889086 & 9138917410, LHYGR00001317218 | श्रीमती गीता शर्मा पत्नी रत्तन चंद शर्मा के पक्ष में दस्तावेज नं. 5376 दिनांक 12.09.2014 के अनुरूप ग्रीन विहार कॉलोनी, जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001, हरियाणा में स्थित जमाबंदी रिकार्ड 2009-2010 के अनुसार खसरा नं. 81//7, 8/1/2, 14 खेवट एवं खतौनी नं. 1042/1255 खसरा नं. 81//1 एच.बी. नं. 400 में निहित खेवट एवं खतौनी नं. 1035/1248, खसरा नं. 77//24, 78//21, 26, 81//2, 3/1, खेवट एवं खतौनी नं. 1036/1249, खसरा नं. 77//25, खेवट एवं खतौनी नं. 1037/1250, खसरा नं. 81//8/1/1, खेवट एवं खतौनी नं. 1038/1251 में निहित सम्पत्ति माप 62.5 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : 37 फुट 6 इंच, पार्ट प्लॉट/ मकान नं. 38, 39, 40, दक्षिण : 37 फुट 6 इंच, पार्ट प्लॉट/ मकान नं. 38, 39, 40, पूर्व : 15 फुट विक्रेता की सम्पत्ति, पश्चिम : 15 फुट गली 16 फुट 06" चौड़ी। | 16-04-2026 रु. 3,49,241/- | 06-04-2026 |
| 3. | रत्तन चंद शर्मा पुत्र कृष्ण चंद शर्मा (कर्जदार), गीता शर्मा पत्नी रत्तन चंद शर्मा (सह-कर्जदार), ग्रीन विहार कॉलोनी, शिव मंदिर, उदय पैलेस के पीछे, जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001- हरियाणा मोबाइल नं. 9467889086 & 9138917410, LHYGR00001317257 | श्रीमती गीता शर्मा पत्नी रत्तन चंद शर्मा के पक्ष में दस्तावेज नं. 5376 दिनांक 12.09.2014 के अनुरूप ग्रीन विहार कॉलोनी, जगाधरी तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर-135001, हरियाणा में स्थित जमाबंदी रिकार्ड 2009-2010 के अनुसार खसरा नं. 81//7, 8/1/2, 14 खेवट एवं खतौनी नं. 1042/1255 खसरा नं. 81//1 एच.बी. नं. 400 में निहित खेवट एवं खतौनी नं. 1035/1248, खसरा नं. 77//24, 78//21, 26, 81//2, 3/1, खेवट एवं खतौनी नं. 1036/1249, खसरा नं. 77//25, खेवट एवं खतौनी नं. 1037/1250, खसरा नं. 81//8/1/1, खेवट एवं खतौनी नं. 1038/1251 में निहित सम्पत्ति माप 62.5 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : 37 फुट 6 इंच, पार्ट प्लॉट/ मकान नं. 38, 39, 40, दक्षिण : 37 फुट 6 इंच, पार्ट प्लॉट/ मकान नं. 38, 39, 40, पूर्व : 15 फुट विक्रेता की सम्पत्ति, पश्चिम : 15 फुट गली 16 फुट 06" चौड़ी। | 16-04-2026 रु. 4,81,773.56/- | 06-04-2026 |
| 4. | मुकेश कुमार पुत्र राम फल (कर्जदार), राहुल पुत्र मुकेश कुमार (सह-कर्जदार), रेनु पत्नी मुकेश कुमार (सह-कर्जदार), अश्वनी कुमार पुत्र कप्तान सिंह (गारंटर), मकान नं. 35, वार्ड नं. 13, हनुमान कॉलोनी, रोहतक-124001, हरियाणा-मोबाइल नं. 9468042073 , LHROH00001507597 | रेनु पत्नी मुकेश कुमार के पक्ष में दस्तावेज नं. 9447 दिनांक 16.01.2023 के अनुरूप हनुमान कॉलोनी, रोहतक में स्थित खेवट नं. 124, खाता नं. 232, खसरा नं. 12342/10913/7765/7790 माप 143 वर्गगज में निहित खेवट नं. 108, खाता नं. 215, खसरा नं. 12341/10913/7786/7765/7790 माप 108 वर्ग गज और पार्ट में निहित सम्पत्ति आईडी नं. 1HQ8KWH0 कुल माप 251 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : 108' 6"- बिमला और कार्तिक का मकान, दक्षिण : 122' 3"-रामभज और राजेश का मकान, पूर्व : 39' 3"- सीलिगेट फैक्टरी की दीवार, पश्चिम : 3' 8"-गली 15 फुट चौड़ी। | 18-04-2026 रु. 13,10,553.32/- | 10-04-2026 |
| 5. | मुकेश कुमार पुत्र राम फल (कर्जदार), अश्वनी कुमार पुत्र कप्तान सिंह (सह-कर्जदार), राहुल पुत्र मुकेश कुमार (सह-कर्जदार), रेनु पत्नी मुकेश कुमार (सह-कर्जदार), मकान नं. 35, वार्ड नं. 13, हनुमान कॉलोनी, रोहतक-124001, हरियाणा-मोबाइल नं. 9468042073, LHROH00001563440 | रेनु पत्नी मुकेश कुमार के पक्ष में दस्तावेज नं. 9447 दिनांक 16.01.2023 के अनुरूप हनुमान कॉलोनी, रोहतक में स्थित खेवट नं. 124, खाता नं. 232, खसरा नं. 12342/10913/7765/7790 माप 143 वर्गगज में निहित खेवट नं. 108, खाता नं. 215, खसरा नं. 12341/10913/7786/7765/7790 माप 108 वर्ग गज और पार्ट में निहित सम्पत्ति आईडी नं. 1HQ8KWH0 कुल माप 251 वर्ग गज के सभी भाग व हिस्से। सीमाएं - उत्तर : 108' 6"- बिमला और कार्तिक का मकान, दक्षिण : 122' 3"-रामभज और राजेश का मकान, पूर्व : 39' 3"- सीलिगेट फैक्टरी की दीवार, पश्चिम : 3' 8"-गली 15 फुट चौड़ी। | 18-04-2026 रु. 5,22,163.6/- | 10-04-2026 |

नोटिस की स्थानापन्न सेवा हेतु कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदारों और/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि के अंदर बकाया राशि के भुगतान करने का परामर्श दिया जाता है अन्यथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के प्रावधानों के अनुरूप आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 24 अप्रैल 2026 — प्राधिकृत अधिकारी,
स्थान : सिरसा, यमुनानगर, रोहतक — आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

**विज्ञान की बात**

वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए। - **अल्बर्ट आइंस्टीन**


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

haribhoomi.com



## खबर संक्षेप

### बीकाजी के संस्थापक शिव रतन अग्रवाल का निधन



**जयपुर।** 'बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड' के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिव रतन अग्रवाल का बृहस्पतिवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। 74 वर्षीय अग्रवाल चेन्नई में थे और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। बीकानेर के सादुलगंज निवासी अग्रवाल ने 1993 में 'बीकाजी' ब्रांड की स्थापना की थी। *एजेंसी*

### जोगी की उम्रकैद की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को राकांपा नेता रामावतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता रामावतार जग्गी की 4 जून 2003 को रायपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। *एजेंसी*

### गृह मंत्रालय ने जारी की आतंकियों की सूची




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ज्यादातर खूंखार आतंकियों ने सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों को गच्चा देने के लिए अपने नाम बदल रखे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 'गैर-कानूनी गतिविधियां अधिनियम यूएपीए के तहत आतंकियों की जो सूची तैयार की गई है, उसमें 57 आतंकियों के लगभग 200 नाम लिखे गए हैं। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम के 22 नाम हैं। *एजेंसी*

### चीन के पर्यटकों को वीजा जारी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। नए वीजा नियम मुख्य चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है और इससे दोनों देशों के बीच यात्रा और संवाद को बढ़ावा मिलेगा। *एजेंसी*

# अप्रैल में जून-सी गर्मी, 13 जिलों में लू का यलो अलर्ट पारा 43.4 डिग्री पार, 26 से कुछ राहत मिलने की उम्मीद

**तपती रातों ने बढ़ाई परेशानी, न्यूनतम भी 27 डिग्री पार**

**हरिभूमि टीम ▶▶ हरियाणा**

प्रदेश में अप्रैल के चौथे सप्ताह में ही जून जैसी गर्मी पड़ रही है। सूर्य देवता का प्रचंड प्रकोप देखने को मिल रहा है। गुरुवार को 43.4 डिग्री के साथ फरीदाबाद प्रदेश में सबसे अधिक गर्म रहा। वहीं, सबसे कम तापमान 20.7 डिग्री के साथ करनाल में रहा। अब रातें भी तपने लगी हैं। प्रदेश में बीती रात को ओवरआल न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग ने आगामी 24 अप्रैल तक राज्य के कई लगभग 13 जिलों में लू और 8 शहरों में रातें भी गर्म यानी 'वार्म नाइट' रहने की चेतावनी दी गई है। विशेषकर दक्षिण और पश्चिम हरियाणा के जिलों में गर्मी का सितम अधिक देखा जा रहा है। दोपहर को यहां तक हालात बन रहे हैं कि नेशनल हाइवे सुनसान दिखाई दे रहे हैं। बाजारों और कार्यालयों में भी आम दिनों की बजाय कम रौनक दिख रही है।

■ **दोपहर के बाद सुनसान नजर आ रहे बाजार**



चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ के अनुसार प्रदेश में मौसम आमतौर पर 25 अप्रैल तक खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान बीच बीच में गर्म हवाएं यानि लू चल सकती है। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने तथा रात्रि तापमान में ज्यादा बदलाव न होने की संभावना है। 26 अप्रैल से एक और पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य के मौसम में फिर से बदलाव आ सकता है। 28 अप्रैल तक मौसम में बदलाव रहेगा, इससे अंधड़ व हल्की बारिश की भी संभावना बन रही है। अप्रैल के अंतिम दिनों में मौसम सुहावना रहने के भी आसार है।

**एडवाइजरी जारी**

- **सरसों की कटाई:** किसानों को सलाह दी गई है कि वे अगले 3-4 दिनों तक सरसों की कटाई और गहाई रोक दें।
- **बुवाई पर रोक:** कपास, मूंग, उड़द और सब्जियों (भिंडी, घीया, खीरा) की बुवाई को फिलहाल 3 दिनों के लिए टालने की सलाह दी गई है।
- **सिंचाई व छिड़काव:** फलों के पेड़ों (अमरूद, नींबू, बेर) में नियमित सिंचाई करें।
- **पशुधन:** पशुओं को दिन के समय छायादार और हवादार शेड में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पिलाएं।

**हीट वेव से बचने की सलाह**

तेज गर्मी व हीट वेव के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस मौसम में जरूरी सावधानी बरतें व गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं और खासकर बच्चों का विशेष ख्याल रखें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हीट वेव से शारीरिक तनाव हो सकता है और यहां तक की मनुष्य की जान जा सकती है। जान को खतरा बनने वाली हीट वेव से बचने के लिए सावधानियां बरतनी ज़रूरी हैं। गर्मी व लू से बचने के लिए दोपहर के समय बाहर जाने से बचें। इसके अलावा, शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं।

**होर्मुज स्ट्रेट पर फिर बढ़ा तनाव**

## ईरान ने नहीं माना सीजफायर, ट्रंप बोले-माइन बिछा रहे जहाज उड़ा दो

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच वार्ता स्थगित होने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा घोषित किए गए सीजफायर पर ईरान ने दो टूक जवाब दे दिया है। ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है।

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर कालीबाफ ने कहा कि मौजूदा समय में सीजफायर तभी संभव है, जब नाकाबंदी हटाई जाए। ईरान और अमेरिका के बीच 22 अप्रैल को सीजफायर खत्म हो गया था। ट्रंप ने इसके खत्म होने से पहले ही इसे एकतरफा तरीके से आगे बढ़ा दिया था। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने एक बार फिर युद्ध की धमकी दी है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैंने अमेरिकी नेवी को आदेश दिया कि होर्मुज में बारूदी सुरंगें (माइन) बिछा रहे छोटे से छोटे जहाजों को बिना हिचकिचाहट तबाह कर दिया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि बारूदी सुरंग हटाने वाले उनके जहाज स्ट्रेट को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस काम को तीन गुना तेजी से करने का आदेश दिया है।



**ट्रंप की धमकी : हमारी इजाजत के बिना कोई भी जहाज होर्मुज पार नहीं कर सकता**

●

**ईरान ने कहा : जब तक नाकाबंदी नहीं हटेगी सीजफायर नहीं**

**ट्रंप बोले- होर्मुज पूरी तरह हमारे नियंत्रण में**

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह अमेरिका के नियंत्रण में है। अमेरिकी नेवी की अनुमति के बिना कोई भी जहाज अंदर या बाहर नहीं जा सकता है। उन्होंने फिर साफ किया कि जब तक ईरान किसी समझौते पर नहीं आता, तब तक स्ट्रेट पूरी तरह बंद रहेगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि ईरान को यह समझने में बहुत मुश्किल हो रही है कि उनका नेता कौन है। ईरान युद्ध में बुरी तरह हार रहा है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर हद पार की, कही अपमानजनक बात**

# ट्रंप पर भड़का भारत, नरक वाले बयान को अनुचित और घटिया करार दिया

• ट्रंप ने कट्टरपंथी अमेरिकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की चिट्ठी के टेक्स्ट को शेयर किया है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना की गई है।

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक पोस्ट को शेयर किया है, जिसमें भारत और चीन को हेल होल (नरक का द्वार) बताया गया है। यह चिट्ठी कट्टरपंथी अमेरिकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना की गई है और भारत-चीन समेत कई देशों पर विवादित टिप्पणी की गई है। भारत ने इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते कहा, "ये टिप्पणियां स्पष्ट रूप से अज्ञानतापूर्ण, अनुचित और घटिया हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने टिप्पणियां और साथ ही अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी किया गया बयान देखा है। ये टिप्पणियां निश्चित रूप से भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता को नहीं दर्शाती हैं, जो लंबे समय से आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित हैं। ट्रंप ने कहा कि प्रवासी जन्म के आधार पर अपने बच्चों को नागरिकता दिलाते हैं। फिर पूरा परिवार अमेरिका आ जाता है। इसमें बर्थराइट कानून की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इसका फैसला अदालतों या वकीलों से नहीं, बल्कि देशव्यापी वोटिंग से होना चाहिए। इस चिट्ठी के साथ सैवेज का वीडियो भी टैग है। बाद में ट्रंप अपने बयान से पलट गए और कहा कि भारत एक महान देश है। मेरा अच्छा दोस्त भी है।



▶▶ **ट्रंप बोले- प्रवासियों के परिजन छीन रहे अमेरिकियों का हक**

▶▶ **बाद में बयान से पलटे, कहा-भारत एक महान देश**

**भारत के पक्ष में आया ईरान, कहा**

### भारत तो सभ्यता का पालना




ट्रंप के भारत को नरक बताने वाले बयान पर ईरान ने उसे जमकर लताड़ा है और कहा है कि असली नरक तो अमेरिका है और भारत तो सभ्यता का पालना है। ट्रंप की ताजा हरकत का जवाब दिया है भारत में हैदराबाद स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के कॉन्सुलेट जनरल ने। इसने अपने एक्स पोस्ट में भारत के साथ-साथ चीन को भी सभ्यता का पालना बताया है और अमेरिका को असली जहन्नुम।

**सांस्कृतिक और भाषाई पहचान प्रभावित हो रही :** ट्रंप ने यह भी दावा किया कि बड़े पैमाने पर हो रहे आव्रजन से अमेरिका की सांस्कृतिक और भाषाई पहचान प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेन माइग्रेशन को अमेरिका के लिए एक बड़ा खतरा बताया। भारत जैसे रणनीतिक साझेदार देश के खिलाफ इस तरह की भाषा के इस्तेमाल से कूटनीतिक गलियारों में नाराजगी बढ़ सकती है।

**ईमेल में चेताया, हरियाणा-पंजाब में हाई अलर्ट**

## कई राज्यों में रेलवे ट्रैक उड़ाने और पीएम-सीएम को मारने की धमकी

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** उत्तर भारत में रेलवे नेटवर्क और वीवीआईपी हस्तियों को लेकर सनसनीखेज ईमेल सामने आया है। इस ईमेल में 24 अप्रैल को हरियाणा और पंजाब के प्रमुख रेलवे स्टेशनों और पटरियों को बम से उड़ाने की चेतावनी दी गई। धमकी मिलने के बाद से ही सुरक्षा एजेंसियां, जीआरपी और आरपीएफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। ईमेल में विशेष रूप से 24 अप्रैल को सुबह 8:11 बजे का समय दिया गया है। हमले की धमकी में अंबाला से दिल्ली के बीच रेलवे ट्रैक को निशाना बनाने की बात कही गई है। पंजाब के प्रमुख शहरों को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई है।

**बड़े नेता निशाने पर**

ईमेल की गंभीरता इसलिए और बढ़ जाती है क्योंकि इसमें देश और राज्यों की बड़ी हस्तियों को सीधे तौर पर धमकी दी गई है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, हरियाणा के मुख्यमंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री को जान से मारने की बात कही गई है।

**बच्चों को स्कूल न भेजें**

ईमेल भेजने वाले ने आम नागरिकों में दहशत फैलाने की कोशिश की है। संदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि 24 अप्रैल को लोग रेल से सफर न करें और अपने बच्चों को स्कूल न भेजें। इस चेतावनी के बाद अभिभावकों और यात्रियों में चिंता का माहौल है।

**सड़ी-गली हालत में मिला शव**

## गुरुग्राम में एमबीबीएस कर रहे युवक ने पीजी में लगाया फंदा

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** आईएमटी मानेसर थाना एरिया के बासकुशला स्थित पीजी में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के छात्र ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीजी के कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को सड़ी-गली हालत में बरामद किया। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी अनुसार, नारनौल के खामपुर गांव निवासी अंकित एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहा था। वह जनवरी माह से शंकर की ढाणी, बास कुशला स्थित श्रीकृष्ण पीजी में किराये पर रह रहा था। बुधवार की शाम को पीजी संचालक कपिल यादव ने कमरे से बदबू आने पर डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी।

**कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला**

**सीबीएसई 10वीं**

## 15 से 21 मई तक होंगी दूसरी बोर्ड की परीक्षाएं

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बृहस्पतिवार को 10वीं कक्षा की दूसरी बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया, जो 15 मई से 21 मई तक आयोजित होगी। सीबीएसई द्वारा जारी 'डेटशीट' के अनुसार, परीक्षा की शुरुआत 15 मई को गणित (स्टैंडर्ड और बेसिक) के पर्चे से होगी। इसके बाद 16 मई को अंग्रेजी (कम्युनिकेटिव) और अंग्रेजी (लैंग्वेज एंड लिटरेचर) की परीक्षा होगी। विज्ञान विषय की परीक्षा 18 मई को आयोजित की जाएगी। 19 मई को भाषा और वैकल्पिक विषयों की परीक्षा निर्धारित की गयी है, जिसमें हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती तथा कई विदेशी भाषाएं शामिल हैं।

**बोर्ड ने एग्जाम को लेकर शेड्यूल जारी किया**

**अचानक बेकाबू हुई गाड़ी**

## उत्तराखंड में 300 मीटर खाई में गिरी पिकअप, 8 की मौत

**टिहरी गढ़वाल (एजेंसी)।** टिहरी गढ़वाल में 10 लोगों से भरी पिकअप खाई में गिर गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई है, इसकी पुष्टि टिहरी की डीएम नितिका खंडेलवाल ने की है। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग हरिद्वार में एक परिजन के अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। अचानक उनकी गाड़ी बेकाबू हुई और तकरीबन 300 मीटर (984 फीट) गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें तुरंत मौके के लिए रवाना हुईं। दुर्गम इलाके के बावजूद राहत-बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया और घायलों को खाई से रस्सियों के सहारे निकालकर जिला अस्पताल ले जाया गया।

**हरिद्वार से अंतिम संस्कार करके लौट रहे थे**

**मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर 8वें दिन सुनवाई**

# सबरीमाला केस : शीर्ष कोर्ट ने कहा-आखिर हिंदू तो किसी भी मंदिर में जा सकता है

**इस्लाम में महिलाओं के मस्जिद आने पर रोक नहीं**

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़े ऐतिहासिक मामले में सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ में गुरुवार को 8वें दिन भी सुनवाई हुई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि कि एक हिंदू आखिरकार तो हिंदू ही है और वह किसी भी मंदिर में जा सकता है। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली ये संविधान पीठ इस बात पर विचार कर रही है कि क्या धार्मिक संप्रदाय अपने विशिष्ट रीति-रिवाजों के आधार पर दूसरों को मंदिर में प्रवेश से रोक सकते हैं। पीठ में सीजेआई सूर्यकांत के अलावा जस्टिस बीवी नागरत्ना, एमएम सुंदरेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी. वराले, आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं। पीठ न्यायिक समीक्षा के दायरे, अनुच्छेद 25, 26 और अनुच्छेद 14 के बीच संतुलन और धार्मिक मामलों में जनहित याचिकाओं की स्वीकार्यता से संबंधित प्रमुख सवालों की जांच कर रही है।



**हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए**

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए और मंदिरों को संप्रदाय की रेखाओं पर एकदूसरों को बाहर नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसा अलगाव अंततः संप्रदाय को ही कमजोर करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण भारत में भले ही पूजा के विभिन्न रूप (जैसे शैव या वैष्णव) प्रचलित हों और वे संरक्षित हों, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि एक हिंदू दूसरे संप्रदाय के मंदिर में नहीं जा सकता।

**पूजा के उस विशिष्ट स्वरूप को संरक्षण प्राप्त**

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि कोई भी हिंदू किसी भी मंदिर में जा सकता है। एक तरीका है 'संप्रदाय'... मंदिर शैव, वैष्णव या श्री वैष्णव पूजा पद्धति का पालन करता है। कम से कम दक्षिण भारत में तो ऐसा ही होता है। ये ही वहां की प्रचलित प्रथाएं हैं। इसलिए, इसे एक 'संप्रदाय' कहा जाता है। अब, अगर पूजा की पद्धति शैव प्रकार की है, तो वैष्णव संप्रदाय के लोग यह नहीं कह सकते कि इसे वैष्णव पद्धति के अनुसार ही होना चाहिए। क्योंकि उन दोनों पूजा पद्धतियों में अंतर होता है। इसलिए, पूजा के उस विशिष्ट स्वरूप को संरक्षण प्राप्त है।

**सोनीपत में दीवान ही लड़ेंगे मेयर चुनाव**

**मोबाइल बंद किया तो पार्टी ने तुरंत मनाया**

# दो पार्षदों के टिकट काटे तो माने कांग्रेस के कमल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत**

कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान के मेयर का चुनाव न लड़ने की घोषणा कर गुरुवार को सियासी हलचल मचा दी। इसके बाद उन्हें मनाने की कवायद शुरू हुई। दीवान ने अंबाला में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र और सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद कमल दीवान मान गए। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सोनीपत आकर बुधवार को दीवान का नामांकन भरवाया था। अगले ही दिन यानी गुरुवार को दीवान ने चुनाव न लड़ने का ऐलान कर दिया। कमल दीवान को कुछ पार्षदों को टिकट देने से नाराज थे। इसके बाद वार्ड 18 से पार्षद रहे संजय टोंक और वार्ड -19 से पार्षद एवं डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत के टिकट काट दिए गए। प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने के बाद दीवान ने कहा कि वे कांग्रेस के सिपाई हैं, डटकर चुनाव लड़ेंगे।



**प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बैठक कर सुलझा लिया मुद्दा**

**पूर्व विधायक के करीबियों को टिकट का विरोध**

दीवान की नाराजगी की दूसरी बड़ी वजह कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार थे। दीवान को पवार के करीबियों को टिकट देने की बात पर नाराजगी जताई थी। उनका तर्क था कि इन लोगों ने पिछले उपचुनाव में पार्टी के खिलाफ काम किया। नाराजगी दर्शाने के लिए कमल दीवान ने गुरुवार की सुबह अपने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिए थे। प्रचार से भी दूर हो गए थे। तभी चर्चा चली कि परिवार ने दीवान को चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। इसके बाद कांग्रेस में हलचल मची।

## खबर संक्षेप



### पिंजौर में अवैध खनन का खुलासा, 3 जेसीबी और एक टिप्पर जब्त

**पंचकूला।** पुलिस ने पिंजौर क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 जेसीबी मशीन और एक टिप्पर जब्त किया है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम को पिंजौर के गांव कीरतपुर के पास नदी में अवैध खनन किए जाने की सूचना मिली थी। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच में अवैध खनन की पुष्टि हुई। पुलिस टीम ने माइनिंग विभाग के कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाया, जिसके बाद संयुक्त अभियान चलाया गया। इस जॉइंट ऑपरेशन के दौरान मौके से तीन जेसीबी मशीनें और एक टिप्पर बरामद किया गया। पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने कहा कि पंचकूला की प्राकृतिक संपदा का दोहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीमें हाईटेक कैमरों और गश्त के जरिए माइनिंग जोन पर पैनी नजर रख रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**पानीपत।** असिस्टेंट सेशन जज-कम-फास्ट ट्रैक कोर्ट पॉक्सो एक्ट पीयूष शर्मा की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी भारत भूषण पुत्र राजू निवासी महारानी एनक्लेव, उत्तम नगर, दिल्ली को दोषी करार दिया। दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं, जज शर्मा की अदालत ने भारत भूषण पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर भारत भूषण को दो साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि किशोरी के पिता की शिकायत पर थाना महिला पुलिस ने आरोपी भारत भूषण पर 4 सितंबर 2023 को केस दर्ज किया था।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## कुरुक्षेत्र एनआईटी में दो माह में चार स्टूडेंट के सुसाइड करने पर लिया संज्ञान

# मानवाधिकार आयोग ने एनआईटी डीसी और एसपी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) कुरुक्षेत्र में लगातार सामने आ रही आत्महत्या की घटनाओं और प्रयासों को गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने एक प्रमुख समाचार रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू करते हुए संस्थान की कार्यप्रणाली, छात्रों की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक प्रथम वर्ष की छात्रा ने हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे समय रहते बचा लिया गया। इससे पहले दो माह के अंदर ही चार छात्र हॉस्टल में फंदा लगाकर जान दे चुके हैं। इस मामले में छात्रों ने पूरी रात संस्थान में प्रदर्शन भी किया था। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा, सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने माना कि अब तक उठाए गए कदम अपर्याप्त और अप्रभावी प्रतीत होते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि छात्रों के मानसिक व शारीरिक कल्याण को सुनिश्चित करना भी है।

**12 मई से पहले देनी होगी रिपोर्ट :** आयोग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 19 मई 2026 की सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पूर्व अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. पुनीत अरोड़ा के अनुसार, यह मामला छात्रों की सुरक्षा और अधिकारों से जुड़ा होने के कारण अत्यंत संवेदनशील है। यह कार्रवाई स्पष्ट संकेत देती है कि अब लापरवाही पर सख्ती होगी और संस्थानों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य व सुरक्षा को प्राथमिकता देनी ही होगी।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक से पूछे सवाल - क्यों हुए सुसाइड?

आयोग ने संस्थान के निदेशक से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है, जिसमें निम्न बिंदुओं पर जवाब मांगा गया हैः कम समय में हुई चार मौतों और एक आत्महत्या प्रयास की परिस्थितियां। मानसिक स्वास्थ्य परामर्श सेवाओं की उपलब्धता व कार्यप्रणाली, तनावग्रस्त या आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की पहचान का तंत्र, वित्तीय सहायता योजनाएं व छात्र समर्थन प्रणाली, मेंटर-मेंटी कार्यक्रम की स्थिति, हॉस्टल सुरक्षा, निगरानी व छात्र कल्याण के उपाय, भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए कदम, हॉस्टल खाली कराने के निर्देशों का कारण और संकाय स्थानांतरण व आंतरिक जांच का विवरण मांगा है।

### मानसिक स्वास्थ्य सहायता पर डीसी से पूछा

जिला प्रशासन से भी स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है, जिसमें शामिल हैं कि घटनाओं पर प्रशासनिक कार्रवाई। संस्थान के साथ समन्वय और सुरक्षा उपाय, जिला स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रणाली, छात्रों की आर्थिक समस्याओं के समाधान के प्रयास, घटनाओं की पुनरावृत्ति पर जांच, जिले के शैक्षणिक संस्थानों में रोकथाम के प्रस्तावित उपाय।

**पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र से जांच रिपोर्ट मांगी :** पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि वे सभी मामलों की जांच की वर्तमान स्थिति, अब तक सामने आए तथ्यों के आधार पर मृत्यु के कारण व परिस्थितियां पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### ये हो चुकी घटना

**16 फरवरी** को तेलंगाना निवासी अंगोद शिवा (19) ने हॉस्टल के रूम में फांसी लगाकर जाने दे दी थी।

**31 मार्च** को पवन कुमार (22) निवासी घासैड़ा जिला नूंह ने हॉस्टल में अपनी जान दी थी। पवन बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था।

**9 अप्रैल** को सिरसा जिले के गांव शेरपुर के प्रियांशु वर्मा (22) ने फंदा लगाया था। प्रियांशु बीटेक थर्ड ईयर का स्टूडेंट था।

**16 अप्रैल** को सेकेंड ईयर की छात्रा दीक्षा ने अपने रूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया था। वहीं, एक और छात्रा ने पिछले सप्ताह हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने की कोशिश की थी, जिसे समय रहते बचा लिया गया था।

## शादी समारोह में विवाद के बाद घर में घुसकर दूल्हे के मौसेरे भाई की हत्या

- शादी के दौरान अभद्रता करने पर कुछ युवकों को टोका था। बाद में उन्होंने तीन को घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

क्षेत्र के आदर्श महाग्राम बलियाली में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद कुछ युवकों ने उत्तराखंड निवासी एक व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, गांव बलियाली निवासी रोहित की शादी थी। बारात के दौरान कुछ युवकों द्वारा अभद्रता किए जाने की बात सामने आई, जिस पर उन्हें समझा-बुझाकर वापस भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम को विवाह की रस्में पूरी होने के बाद रोहित अपने परिवार के साथ पूजा-अर्चना के लिए मंदिर गया हुआ था। इसी दौरान कुछ युवक घर में घुस आए और राजस्थान निवासी लाला तथा उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के रुड़की निवासी राकेश (45) पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए एक अन्य युवक को भी चोटें आईं। घटना में घायल तीनों व्यक्तियों को तुरंत उपचार के लिए भिवानी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बवानीखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी सुरेश ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि मृतक राकेश दूल्हे का मौसेरा भाई था। वहीं, बेटे रितिक ने बताया कि उसके पिता ट्रेवल एजेंसी का काम करते थे। हम 4 भाई-बहन हैं, जिनमें 2 बेटी 2 बेटे हैं।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Ms. Aashima Garg
Civil Judge Junior Division, Bahadurgarh
OM BHAGWAN
Vs.
CHANDER BALA
CASE NO. CS/49/2025
CNR No. HRJRA0-000101-2025
Next Date:- 13-07-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1. CHANDER BALA 2. CHANDERVATI 3. RAMRATI ALL D/O MANGE RAM S/O KANHIYA R/O VILLAGE DULHERA, TEH. BAHADURGARH, DISTT. JHAJJAR
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 13-07-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
Sd/- Civil Judge,
Junior Division, Bahadurgarh
Dated, this day of 23-04-2026

**प्रपत्र सं. आईएनसी-26**
[ कम्पनी ( निगमन ) नियमों 2014 के नियम 30( 5 )( ए ) के अनुसरण में ]
केन्द्रीय सरकार ( क्षेत्रीय निदेशक ), उत्तरी क्षेत्र, निदेशालय-II, हरियाणा में कम्पनी मामलों का मंत्रालय के समक्ष
हरियाणा राज्य से महाराष्ट्र राज्य में पंजीकृत कार्यालय के स्थानांतरण हेतु समाचार-पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 ( 4 ) तथा कम्पनी ( निगमन ) नियमों 2014 के नियम 30 के मामले में
तथा
बालाजी एंटरप्राइजेज टेक्नोबिल्ड प्राईवेट लिमिटेड ( सीआईएन : U45202HR2019PTC083343 ) जिसका पंजीकृत कार्यालय शॉप नं. 52, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी, हरियाणा, भारत-127021 में है, के मामले में।
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी इसके पंजीकृत कार्यालय को हरियाणा राज्य अर्थात शॉप नं. 52, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी, भिवानी, हरियाणा, भारत-127021 से महाराष्ट्र राज्य अर्थात ऑफिस नं. 430, चतुर्थ तल, डी-विंग, एनएसआईएल, लोधा सुप्रीमस-II, रोड नं. 22, वागले एस्टेट, वागले अर्थात ठाणे, ठाणे, महाराष्ट्र, भारत-400604 में परिवर्तित करने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने के लिये बुधवार, 22 अप्रैल 2026 को आयोजित वार्षिक सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संबंध में कम्पनी के मैमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि लेने के लिये कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केन्द्रीय सरकार को आवेदन करना प्रस्तावित करती है।
कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन द्वारा यदि किसी व्यक्ति के हित प्रभावित होने की संभावना है तो वह अपने हित की प्रकृति और विरोध के आधार की व्याख्या करते हुए एक शपथ-पत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां ऊपर वर्णित पते पर इसके पंजीकृत कार्यालय में आवेदक कम्पनी को एक प्रति सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 14 (चौदह) दिनों के अंदर या तो निवेशक शिकायत प्रपत्र दायर करके एमसीए-21 पोर्टल ( www.mca.gov.in ) पर अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय-II, तृतीय तल, कार्पोरेट भवन, प्लॉट नं. 4-बी, सेक्टर-27बी, पिन-160019, चण्डीगढ़ में पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकता/सकती है अथवा प्रेषित करवा सकता/सकती है अथवा भेज सकता/सकती है।
कृते व आवेदक की ओर से
बालाजी एंटरप्राइजेज टेक्नोबिल्ड प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता/-
जितेन्द्र सूर्यभान अंधाले
निदेशक
स्थान : हरियाणा
दिनांक : 24.04.2026
डीआईएन : 08140240

**COURT NOTICE :-**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Ms. Sushma Additional Civil Judge (Senior Division),Kharkhoda
SUIT FOR POSSESSION BY WAYOF PARTITION WITH RELIEF OFPERMANENT INJUNCTION
JAGBIR Vs. SUMITRA DEVI
CNR No. HRSOC0-000171-2025
CS/121/2025
Next Date:- 29-05-2026
PUBLICATION ISSUED TO: DEF.NO. 1=SUMITRA DEVI W/o SURENDER SINGH 2=JASWANT,3=ASWANT,4=SATISH KUMAR S/o SURENDER SINGH,5=DEVENDER S/o KAPOOR SINGH,6-TEJ SINGH S/o KAPOOR SINGH,7=SURENDER S/o KRISHAN SINGH,8=JASBIR S/o RAJ SINGH,9 MAHENDER S/o AMAR SINGH,10=OMPATI W/o JAI PARKASH ALL R/O VILL. KHARKHODA, TEHSIL KHARKHODA.11=RAMBIR SINGH S/o MANGE RAM R/O VILLAGE BHAINSWAL,TEHSIL GOHANA, DISTT. SONEPAT.12 RAJESH KUMAR S/o DHARAMPAL,13-VIDYA DEVI W/o VED PARKASH,14 CHHOTI W/o SURAJMAL,15 PARKASH W/o RAJENDER,16 RAMRATI W/o RAGHBIR SINGH,17-SUNITA W/o RAJENDER SINGH,18= SUNITA W/o RAJENDER SINGH,19= GURMATI DEVI W/o RAMNIWAS,20= DEVI W/o RAMESHWAR,21-BIMLA DEVI W/o MAHABIR SINGH,22 URMILA DEVI W/o RAMNBIR SINGH,23= BIMLA DEVI W/o PREM SUKH,24= SAROJ DEVI W/o SANDEEP KUMAR ,25-PREETI DABAS W/o KRISHAN,26= GINI W/o SATBIR SINGH,27=DAYAWANTI W/o HAZARI LAL,28=USHA W/o BIJENDER SINGH,29= SUNITA W/o VIJAY KUMAR,30= KIRAN SHARMA W/o RAVINDER SINGH,31= BIRMATI W/o RAMESH,32= SULOCHANA W/o SATISH PARKASH, 33= SUMAN DEVI W/o RAKESH, 34 RAJESH KUMAR S/o KISHAN,35-DEEPAK S/o KRISHAN S/o HAZARI,36)VARSHA D/O SUKHDEV SINGH S/o RAGHU RAJ,37)SHAMLAL W/o PHOOL CHAND S/o LAKHI RAM.38)SAVITRI DEVI W/o BIJENDER SINGH S/o ZILE SINGH,39)NIRMALA W/o SURESH S/o RAMEHAR,40)NIRMALA DEVI W/o ASHOK KUMAR,41)-REETA W/o B.N. SON OF GAURI SHANKAR,42)- RANI W/o NAGENDER KUMAR S/o SAT PARKASH.43)- MEESH W/o MAHESH KUMAR S/o RISHI PARKASH,44)-SUNITA W/o SANT LAL S/o POHKAR SINGH,45)-BABITA W/o RAVINDER SINGH S/o RAMEHAR.46)-MEENA W/o ABHAY SINGH S/o LAL CHAND,47)- SARITA W/o SUNIL KUMAR S/o JIYA LAL,48)- KAMAL DEVI W/o RATTAN SINGH S/o KHAZANSINGH,49)-PREMWATI W/o NARAIN S/o BANWARI LAL,50)- SAJNI W/o SAJANKAUR S/o RAM KUWAR,51)- SACHIN S/o SATISH S/o JAI KISHAN,52)- MOHIT S/o RAJBIR S/o RAMKISHAN,53)- SUSHILA DEVI W/o RAJESH S/o HARDWARI,54)- KITABO W/o RAMKAWAR S/o KALU RAM,55)-BIMLA W/o SHRI BHAGWAN S/o DEEP CHAND,56)KAVITA W/o JAI BHAGWAN S/o MAAN SINGH,57)SHANTI DEVI W/o RAMNIWAS S/o BHAGWATSAWROOPDJM,58)DHARAM DEVI W/o SHAM SUNDER S/o KALU RAM,59)RAJWANTI W/o JASWANT SINGH S/o RANDHIRSINGH,60)SANTRA DEVI W/o FATEH CHAND S/o BHAG CHAND,61)SHAKUNTLA W/o RAJBIR S/o SULTAN SINGH,62)- SHRI BHAGWAN S/o RAM SINGH S/o LAKHI RAMALL R/O VILLAGE KHARKHODA, TEHSIL KHARKHODA.,63)- SANTOSH W/o RAKESH S/o RANDHIR,64)- KUSHAL S/o RAKESH S/o RANDHIR,65)-KAVYANSH S/o RAKESH S/o RANDHIR ALLRESIDENT OF NAJAFGARH DELHI.,66)- SHIV KUMAR S/o JAGE RAM S/o KASHMIRI LAL67)- RANBIR SINGH S/o SUBE SINGH S/o RATI RAM.68)- SARLA W/o RAMPHAL S/o RATI RAM ALL R/OVILLAGE SOHATI TEHSIL KHAKRHODA.,69)- NEELAM W/o PARDEEP S/o RANBIR SINGH R/OVILLAGE ROHNA TEHSIL KHAKRHODA.70)- REETA D/O BANSI LAL RAM KISHAN,71)- SUMAN DEVI W/o SANJAY KUMAR S/o DEEP CHAND,72)- REENA W/o RAJBIR S/o CHANDER SINGH ALL R/OVILLAGE JASOR KHERI TEHSIL BAHADURGARH DISTT. JHAJJAR.,73)- ANJU W/o JAI BHAGWAN S/o RAMPHAL,74)ANNU W/o RAVI PARKASH S/o MAHENDER SINGHBOTH R/O KATEWARA,DELHI.hoda75)-ANITA W/o OMPAL S/o DAYAKISHAN,76)-PINKI W/o SONU S/o RAMESH, 77)-ANIL KUMAR S/o KARTAR SINGH S/o DESA,78)- RAJBALA W/o RANJEET SINGH S/o ASHA RAM,79)- GEETA W/o ANIL KUMAR S/o DESRAJ,80)-SARASWATI W/o JAI LAL S/o CHANDER SINGH ALLR/O VILLAGE HAMAYUNPUR, ROHTAK.,81)MEENU W/o RAVINDER SINGH S/o JAI NARAIN,82)- MONIKA W/o JOGENDER S/o JAI NARAIN,83)- ASHOK KUMAR S/o JAI NARAIN ALL R/O VILLAGEKHARKHODA, TEHSIL KHARKHODA.,84)POONAM W/o DIXIT KUMAR S/o SURAJ BHAN R/OVILL. MATINDU TEHSIL KHAKRHODA.,85)- ROSHNI D/O BANWARI S/o HAR GOVIND R/O VILL.ASSAN ROHTAK.86)- YOGESH KUMAR S/o SAT NARAIN S/o GOPI CHAND,87)- PREM LATA W/o ROHTASH S/o RAM SARUP,88) BIJENDER S/o JAGE RAM S/o BADLE RAM,89)- SONIA W/o SURENDER KUMAR S/o DHANPATSINGH,90)SCNU S/o JAI KISHAN S/o KARAN SINGH,91)- JOGENDER PAL S/o GOPAL DASS,92)- RAJ RANI W/o RAJBIR SINGH S/o SUBE SINGH ALLR/O VILLAGE KHARKHODA, TEHSIL KHARKHODA.In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered thatdefendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 29-05-2026 at 10:00a.m.For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs-district notice&district=Sonipat
Dated, this day of 30-03-2026
(SUSHMA)
Additional Civil Judge (Senior Division)Kharkhoda)

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Narender Singh, Additional District and Sessions Judge, Sonipat, Sonipat
Mahender Kumar
Vs.
Chattar Singh S/O MATHU S/O MOKHA
CNR No. HRSO01-010108-2025
Next Date: 19-05-2026
In EXE/67/2024 Date of order 26.09.2025, Court of Ms. Mansi Gaur, Ld. ACJ(SD), Ganaur Prayed that the order dated 26.09.2025 passed by the Ld. Lower Court may kindly be set aside and the present appeal may kindly be allowed
PUBLICATION ISSUED TO:
RES NO 1 Chattar Singh S/O MATHU S/O MOKHA, R/O SAINI MOHALLA WARD NO 9 GANAUR DIST SONEPAT AT PRESENT VILLAGE DEHRA TEH SAMALKHA DIST PANIPAT, RES NO 3. M/S S.K ELECTRONIC HAVING OFFICE AT SHOP NO 94 OLD LAJPAT RAI MARKET DELHI THROUGH ITS AUTHORIZED PERSON SH PARVEEN SEHRAWAT
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 19-05-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Additional District and Sessions Judge, Sonipat
Dated, this day of 21-04-2026

# 21 अध्यापकों की बनाई 'पहेली' से गणित के मिलेंगे आसान जवाब

- राजकीय स्कूलों के अध्यापकों ने कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चों को गणित सिखाने के लिए बनाई पुस्तक

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

विद्यार्थियों के लिए गणित विषय अब कठिन नहीं बल्कि आसान लगेगा। यह सब होगा कैथल के राजकीय स्कूल के 21 अध्यापकों द्वारा तैयार की गई गणित पहेली पुस्तक से। राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से तैयार की गई गणित पहेली (मैथ पजल) बुकलेट तथा इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की किताब तैयार की जा रही है। वीरवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस किताब को डीसी अपराजिता को भेंट किया और दोनों किताबों को तैयार करने में अपना योगदान देने वाले 21 शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। डीसी अपराजिता ने शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह बुकलेट विद्यार्थियों में गणित के प्रति डर को दूर कर उन्हें विषय के प्रति प्रेरित करेगी।

### मैथ्स ओलंपियाड की किताब में पहली से लेकर मास्टर्स तक का सिलेबस

इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड की किताब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 15 अध्याय होंगे। जिसमें कक्षा पहली से लेकर मास्टर्स तक का सिलेबस होगा। इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड के प्रश्न इसमें उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ-साथ जितनी प्रतियोगी परीक्षा में गणित आता है, उन सब को भी यह पुस्तक कवर करेगी। जल्द ही यह पुस्तक मार्केट में उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की कोचिंग जिला कैथल में प्रत्येक ब्लॉक हेडक्वार्टर पर करवाई जा रही है। इस अवसर पर एडीसी सुशील कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार, मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी दिव्यता मेहर आदि मौजूद रहे।

### गणितीय सिद्धांतों को सुडोकू जैसे रोचक खेल के माध्यम से प्रस्तुत किया



जिला गणित विशेषज्ञ छत्रपाल ने दोनों किताबों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मैथ पजल बुकलेट में कक्षा 1 से 12वीं तक के गणितीय सिद्धांतों को सुडोकू जैसे रोचक खेल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इस पद्धति से विद्यार्थी खेल-खेल में न केवल गणित को समझ सकेंगे, बल्कि स्वयं प्रश्न बनाकर उनका समाधान भी निकाल पाएंगे। यह पूरी सामग्री शिक्षकों द्वारा निःशुल्क तैयार की गई है, जो उनके समर्पण और नवाचार को दर्शाती है।

### साइबर धोखाधड़ी में गंवाए 50 लाख में से 30 लाख वापस दिलवाए

**हिसार।** जिला पुलिस की साइबर टीम ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता के 30 लाख रुपये बरामद कर उन्हें वापस दिलवाए हैं। साइबर थाना से सब-इंस्पेक्टर हरजिंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में 19 मार्च को हिसार के तरसेम नगर निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत प्राप्त हुई थी। भारत पेट्रोलियम से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार ने बताया कि 7 मार्च को उसके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को मुंबई पुलिस मुख्यालय में तैनात डीआईजी प्रदीप जायसवाल बताया तथा उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। आरोपी ने वीडियो कॉल के माध्यम से पुलिस वर्दी का दिखावा कर भय पैदा किया। आरोपी ने शिकायतकर्ता को डराकर उनसे लगभग 50 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने कार्रवाई कर 30 लाख की राशि को होल्ड करवाया। आरोपी प्रदीप को शीघ्र ही गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302017
पीएच.डी. और मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम्स 2026-27 के लिए प्रवेश
एफ.4/ए-I-I/2026-27/एकेड/पीएच.डी./01
विषम सैमेस्टर 2026-27 (जुलाई 2026) के लिए सभी विभागों/केन्द्रों में **पीएच.डी. और एम.टेक./एम.प्लान. ( प्रायोजित ( पूर्णकालिक/अंशकालिक ) और पूर्णकालिक स्व-वित्तपोषित )** के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए पधारें : www.mnit.ac.in. ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 07 मई 2026 है।
सीबीसी-21312/11/0003/2627 रजिस्ट्रार

**टाटा मेमोरियल सेंटर**
परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का अनुदानप्राप्त संस्थान
**टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल**
**परेल, मुंबई - 400012**
टाटा मेमोरियल सेंटर ( टीएमसी ), मुंबई, भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित एसआरशिप्स, फेलोशिप्स और एम.एससी. पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :
विभिन्न विभागों में सीनियर रेजिडेंट, 1 वर्षीय टीएमसी फेलोशिप और 2 वर्षीय एचबीएनआई फेलोशिप।
विज्ञा. सं. 64/2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि : 20.05.2026
एचबीएनआई से संबद्ध एम.एससी. पाठ्यक्रम :
एम.एससी. मेडिकल रेडियोलॉजी इमेजिंग टेक्नोलॉजी
एम.एससी. नर्सिंग ( ऑन्कोलॉजी नर्सिंग )
मास्टर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी ( एमओटी ) इन ऑन्कोलॉजी
एम.एससी. न्यूक्लियर मेडिसिन एंड मॉलिक्यूलर इमेजिंग टेक्नोलॉजी
एम.एससी. क्लिनिकल रिसर्च
एम.एससी. जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान
एम.एससी. पेशेंट नेविगेशन ( ऑन्कोलॉजी )
अस्पताल प्रशासन में मास्टर्स
पीजी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 30.05.2026 है।
अधिक जानकारी और ऑनलाइन आवेदन के लिए हमारी वेबसाइट http://tmc.gov.in पर पधारें (करियर सेक्शन में एसआरशिप/फेलोशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एम.एससी. पाठ्यक्रम)।
CBC 48149/11/0002/2627

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**
धारा 82 Cr.P.C. देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी दिनेश पुत्रः** सतबीर, **पताः** गांव रोहणा, थाना व पो.ओ. खरखौदा, सोनीपत, हरियाणा **FIR No. 1164/2018, U/s: 33/58/52.2 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **दिनेश, FIR No. 1164/2018, U/s: 33/58/52.2 Delhi Excise Act, पुलिस थानाः अमन विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री शगुन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
उत्तर-पश्चिम कोर्ट नं. 109, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5023/RD/2026
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** करियर में नई चुनौतियां स्वीकार करने का मौका मिलेगा, मेहनत से तरक्की संभव है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें।

**वृष** काम में धैर्य से सफलता मिलेगी, व्यापार में अच्छे सौदे हो सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन** चंद्रमा मिथुन से कर्क की ओर जाने से भावनाओं में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन गुरु का प्रभाव बुद्धिमत्ता बढ़ाएगा। प्रेम में उत्साह और रोमांस रहेगा।

**कर्क** करियर में मेहनत की जरूरत पड़ेगी, लेकिन परिणाम सकारात्मक रहेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। प्रेम संबंधों में संवाद बढ़ाएं, गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** आज नेतृत्व और आत्मविश्वास का दिन होगा। चंद्रमा सिंह में प्रवेश करने से ऊर्जा और रचनात्मकता बढ़ेगी। दिन शानदार रहेगा।

**कन्या** नौकरी में छोटे बदलाव या नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। निवेश सावधानी से करें। परिवार में शांति और समझ बनी रहेगी।

**तुला** करियर में टीम वर्क फायदेमंद रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद होगा। प्रेम जीवन में रोमांस और खुशियां रहेंग।

**वृश्चिक** करियर में कड़ी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा। परिवार में छोटी बहस से बचें, संयम रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**धनु** आज भाग्य और ऊर्जा का दिन रहेगा। गुरु का प्रभाव नई प्रेरणा देगा। करियर और व्यापार में प्रगति होगी, आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा।

**मकर** करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार में सम्मान और सहयोग बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता और विश्वास दिखाएं।

**कुंभ** आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। मित्रों और सामाजिक दायरे से सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रेम जीवन में रोमांच रहेगा।

**मीन** करियर में भावनात्मक बुद्धि काम आएगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। प्रेम जीवन में गहराई और समझ आएगी।

# 46 न्यायिक अधिकारियों के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा जारी आदेश में हरियाणा के 46 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई तैनाती की गई है। वाणी गोपाल शर्मा को गुरुग्राम से पानीपत भेजी गई हैं और उन्हें जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। विजयंत सहगल पंचकूला में ही विशेष जज सीबीआई कोर्ट के रूप में, सुनील चौहान गुरुग्राम में ही, हर्षाली चौधरी नारनौल में ही तथा अभिलाषा सप्रा कोहली अंबाला में ही नई जिम्मेदारियों के साथ नियुक्त की गई हैं। डॉ. अशोक कुमार और अरविंद बंसल अंबाला, अमित कुमार ग्रोवर चंडीगढ़ व अंबरदीप सिंह पानीपत में ही रहेंगे।

### यह हुआ बदलाव

| नाम | पहले | अब |
|---|---|---|
| नरेंद्र सूरा | नारनौल | गुरुग्राम |
| राजेश कुमार | नूंह | फरीदाबाद |
| डॉ. सुनीता | रेवाड़ी | गुरुग्राम |
| महावीर सिंह | गुरुग्राम | कुरुक्षेत्र |
| राजीव गोयल | पंचकूला | कैथल |
| अजय वर्मा | नूंह | कैथल |
| यशविंदर पाल | जगाधरी | गुरुग्राम |
| सोनिका | चंडीगढ़ | नारनौल |
| देविंदर सिंह | कैथल | सिरसा |
| सुदीप गोयल | जगाधरी | गुरुग्राम |
| कंवर पाल | नारनौल | फरीदाबाद |
| जैस्मिन शर्मा | गुरुग्राम | हिसार |
| डॉ. अमित गर्ग | कैथल | अंबाला |
| पुनीत सहगल | गुरुग्राम | हिसार |
| सुमित गर्ग | सिरसा | झज्जर |
| डॉ. गगनदीप | हिसार | अंबाला |
| हेमराज मित्तल | फरीदाबाद | पलवल |
| लोकेश गुप्ता | रेवाड़ी | फरीदाबाद |
| रोहित वॉट्स | जगाधरी | चंडीगढ़ |
| निशांत | हिसार | गुरुग्राम |
| डॉ. मनपाल | अंबाला | रेवाड़ी |
| डॉ. विवेक | करनाल | जगाधरी |
| नेहा नोहरिया | जींद | करनाल |
| अर्चना यादव | पानीपत | जींद |
| ज्योति लांबा | फरीदाबाद | सिरसा |
| सुनील देवान | गुरुग्राम | नूंह |
| रजनीश कुमार | करनाल | जगाधरी |
| नितिन किनरा | सिरसा | करनाल |
| अरविंद कुमार | कुरुक्षेत्र | चंडीगढ़ |
| सतीश कुमार | कुरुक्षेत्र | चरखी दादरी |
| डॉ. कविता | चरखीदादरी | कुरुक्षेत्र |
| संदीप चौहान | गुरुग्राम | नूंह |
| वर्षा जैन | नारनौल | गुरुग्राम |
| अशोक कुमार | सोनीपत | फरीदाबाद |
| अमित शर्मा | अंबाला | पंचकूला |
| अनिल कौशिक | रोहतक | गुरुग्राम |
| सौरभ गुप्ता | गुरुग्राम | जींद |

## शब्द पहेली - 6205



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

### शब्द पहेली -6204 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | ख्त | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| इं | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| सं | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य सेवा सभी लोगों तक पहुंचे: उपराष्ट्रपति



**ऋषिकेश।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान के छठे दीक्षांत समारोह में स्नातकों से राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने एम्स के विस्तार को सराहा और कहा स्वास्थ्य सेवा सभी तक पहुंचे।

### मालेगांव: हाईकोर्ट ने 4 आरोपियों को किया बरी

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2006 मालेगांव बम धमाका मामले में अहम फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने मामले की जांच पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केस अब डेड एंड यानी ऐसे मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां से सच्चाई तक पहुंचना मुश्किल नजर आता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों की परस्पर विरोधी कहानियों ने पूरे मामले को उलझा दिया है। हाईकोर्ट ने राजेंद्र चौधरी, धन सिंह, मनोहर राम सिंह नरवरिया और लोकेश शर्मा को राहत देते हुए कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अदालत ने सितंबर 2025 में विशेष अदालत द्वारा तय किए गए आरोपों को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विशेष अदालत ने आरोप तय करते समय उपलब्ध साक्ष्यों और विरोधाभासों पर सही ढंग से विचार नहीं किया।

### पीएम ने हावड़ा में किया रोड शो, मोदी ने कृष्णानगर-मथुरापुर की जनसभा में कसा तंज

# झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची टीएमसी को लगी, भय जा रहा व भरोसा बढ़ रहा...

एजेंसी ▶▶ मथुरापुर/कृष्णानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की जमकर तारीफ की और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा मैं कह सकता हूं कि यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है। पहले तो हर हफ्ते किसी को फांसी पर लटका देना और उसे आत्महत्या बता देना आम बात थी। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तंज कसते हुए कहा झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लग रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि चार मई को मतगणना वाला दिन बंगाल में "टीएमसी की 15 साल पुरानी सिंडिकेट प्रणाली और महाजंगल राज" की "समाप्ति" का दिन होगा। मोदी ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काकद्वीप स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि राज्य में भारी मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 'भय' का शासन भाजपा द्वारा किए गए 'भरोसे' के वादे से "निश्चित रूप से पराजित हो रहा है"। उधर मोदी ने बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए वहां की जनता को बधाई दी। साथ ही पीएम ने कहा कि 4 मई को विधानसभा चुनाव का परिणाम नहीं, परिवर्तन आएगा। अब तक के मतदान आंकड़ों को परिवर्तन के लिए भारी जनादेश का संकेत बताया।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले, हमारी सरकार बनी तो मछुआरों को विशेष वित्तीय सहायता दी जाएगी, मछली उत्पादन और निर्यात पर विशेष ध्यान होगा

चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए वहां की जनता को बधाई दी



**»** बंगाल की सीएम ने पीएम पर साधा निशाना बोलीं मुझे कोई पद नहीं चाहिए

**»** मोदी की रैली के बाद टीएमसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा न आए हो, न आओगे

### भवानीपुर में ममता ने निकाली पदयात्रा



कोलकाता (भाषा)। मोदी हावड़ा में रोड शो कर रहे थे, उसी वक्त मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर में रोड शो किया। ममता यहीं से विधायक हैं। भवानीपुर में 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यहां से सुवेंदु अधिकारी भाजपा प्रत्याशी हैं। उधर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में अब तक हुए मतदान से संकेत मिलता है कि तृणमूल कांग्रेस अभी से ही जीत की स्थिति में है। कोलकाता के बो बाजार इलाके में आयोजित रैली में ममता ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वह सभी विपक्षी दलों को साथ लेकर दिल्ली (केंद्र की सत्ता) पर विजय हासिल करेंगी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 152 सीटों पर लोगों ने जमकर मतदान किया।

#### नितिन नवीन बोले

### बंगाल में भाजपा को बड़ी जीत मिलेगी, द्रमुक चुकाएगी सनातन विरोध की कीमत



*राहुल अपरिपक्व राजनीतिज्ञ, अराजकतावादी मानसिकता से काम करते हैं*

नई दिल्ली (भाषा) भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दावा किया कि पार्टी बंगाल चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीत हासिल करेगी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को समाप्त कर सरकार बनाएगी। एक चैनल को दिए साक्षात्कार में, नवीन ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन असम और पुडुचेरी में एक बार फिर सत्ता में आएगा। नवीन से जब चुनावी राज्यों केरल, असम, तमिलनाडु और बंगाल तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भाजपा की संभावनाओं पर कहा, जिन पांचों राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, वहां की स्थिति अलग-अलग है। नवीन ने राहुल को अपरिपक्व राजनीतिज्ञ बताया और दावा किया कि कांग्रेस नेता का व्यवहार तथा बोलने का तरीका उनके अपर्याप्त राजनीतिक विकास को दर्शाता है।

### बूथ की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखी

# 'रणनीति कक्ष' का संचालन कर रहे ममता-अभिषेक और शाह

भाषा ▶▶ कोकलाता

- **छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले सामने आए**
- **जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए शाह ने बंगाल चुनावों की समीक्षा की**

पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के 'रणनीति कक्ष' का संचालन किया तथा इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल- पल नजर रखी। बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था।

### बंगाल में कोई घुसपैठ नहीं कर पाएगा : शाह



बालागढ़ (पश्चिम बंगाल) (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पश्चिम बंगाल में ‘एक भी घुसपैठिये को’ घुसने नहीं दिया जाएगा और यहां पहले से मौजूद अवैध प्रवासियों को ‘चुन चुन कर बाहर निकाला जाएगा’। हुगली जिले के बालागढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए तैयार है। राज्य में आज पहले चरण में विधानसभा की 152 सीटों के लिये मतदान हो रहा है। शाह ने कहा कि आज पहले चरण का मतदान लगभग समाप्त हो चुका है और यह बंगाल में मेरा 30वां कार्यक्रम है। पांच मई को दीदी का खेल खत्म हो जाएगा।

### आरोपियों को हथकड़ी पहनाया जाना 'अपमानजनक' : उच्च न्यायालय

**मुंबई (भाषा)।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को उस वकील और पूर्व सैन्य कर्मी को 50-50 हजार रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है, जिन्हें पुलिस अमरावती में हथकड़ी पहनाकर राज्य परिवहन की एक बस से थाने से तहसीलदार कार्यालय तक ले गई थी, जहां उन्हें जमानत दे दी गई। पीठ ने पारित आदेश में कहा कि दोनों को अपमानित किया गया था। उसने कहा कि महाराष्ट्र सरकार के आदर्श वाक्य सद्रक्षणाय खलनिग्रहणाय (सज्जनों की रक्षा करना और दुर्जनों का नाश करना) का सम्मान किया जाना चाहिए। इस आदेश की प्रति बृहस्पतिवार को उपलब्ध कराई गई। न्यायमूर्ति उर्मिला फाल्के-जोशी और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने कहा कि दोनों आरोपियों को अपमानित किया गया, क्योंकि उन्हें अमरावती में राज्य परिवहन की बस में हथकड़ी पहनाकर पुलिस थाने से तहसीलदार कार्यालय तक ले जाया गया, जहां उन्हें जमानत मिल गई। पीठ ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि वह वकील योगेश्वर कावड़े और पूर्व सैन्य कर्मी अविनाश दाते को आठ हफ्ते के भीतर 50-50 हजार का मुआवजा दे। पीठ ने कहा कि पुलिस से जुड़ी ऐसी घटनाएं आपराधिक न्याय प्रणाली में विश्वास को कहीं अधिक कमजोर कर देती हैं।

- **आरोपियों को पुलिस रोडवेज बस से थाने से तहसीलदार कार्यालय ले गई थी**

### बदला ट्रेंड: अनंतनाग की मस्जिदों से नशे के खिलाफ जंग की अपील

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले की विभिन्न मस्जिदों के इमाम और प्रबंधन समितियों के सदस्य मादक पदार्थों के खिलाफ सरकार की लड़ाई में शामिल हो गए हैं। उन्होंने मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मस्जिदों और इबादतगाहों का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सामुदायिक पहल के तहत पूरे अनंतनाग जिले की मस्जिदों ने ऐसे पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध खेती से निपटने के लिए पुलिस के प्रयासों को समर्थन देने की घोषणा की है। इमामों और मस्जिद समिति के सदस्यों ने सामूहिक नमाज के दौरान और लाउडस्पीकर पर घोषणाओं के माध्यम से जनता से मादक पदार्थों के खिलाफ जंग में सक्रिय रूप से हिस्सा लेने और ऐसे पदार्थों, खास तौर पर भांग और अफीम पोस्त की अवैध खेती या उसका समर्थन करने से परहेज करने की अपील की। अपील में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध खेती के सामाजिक, नैतिक एवं कानूनी परिणामों को रेखांकित किया गया। साथ ही परिवारों और समुदाय के सदस्यों से ऐसी गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को देने का आग्रह किया गया।

- **लोगों से भांग और अफीम पोस्त की अवैध खेती से परहेज करने की अपील की**


## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| SN. | Lot No. | Description | Auction start Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | MSS-UMB-UMB-GZ-76-26-1 | अंबाला कैंट (UMB) रेलवे स्टेशन पर 13'x 10' (130 वर्ग फुट) के कुल क्षेत्र में रिलेक्सेशन यूनिट्स के साथ एक गेमिंग ज़ोन का विकास, संचालन और प्रबंधन 5 वर्षों की अवधि के लिए (स्वीकृत साइट योजना के अनुसार) | 02.05.2026 12:00:00 hrs. |
| 2 | ADVT-Int-250749- 2-26-1 | ट्रेन नंबर 20493/94 (CDG-MDU-CDG) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्डों का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 08.05.2026 12:00:00 hrs. |
| 3 | ADVT-Int-135985- 5-26-1 | ट्रेन नंबर 12449/50 (CDG-MAO-CDG) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्डों का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 08.05.2026 12:00:00 hrs. |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाये।

1351/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

संख्या: एस.डब्ल्यू./सिग/अम्बाला/एन.आई.टी.–01/2026–27 दिनांक 23.04.2026

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | OT-01/ 2026-27 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद 1) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 लेन आर ओ बी इन ल्यु ऑफ एल सी -06 एट के एम 12/2-3 ऑन जाखल-हिसार सेक्शन नीर जमालपुर सेखा 2) प्रोविजन ऑफ वन हुक प्लेसमेंट ऑफ हाफ गुडज़ रैक एट गुडज़ साइडिंग एट बस्सी पठाना (बी एस पी एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन 3) कन्स्ट्रक्शन ऑफ 2 नंबर एल एच एस (5m x 5m) बाइ पुशिंग इन ल्यु ऑफ सी–18 एट के एम 29/1-2 & एल सी-59 एट के एम 77/15-78/0 ऑन जाखल हिसार सेक्शन 4) रेपलकमेंट ऑफ गिरडेर विद पी एस सी स्लैब & स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ सबस्ट्रक्चर ऑफ ब्रिज सं. 190, 197ए-1, 220ए, 232 धुरी- जाखल ब्रिज सं. 49 जाखल -हिसार ब्रिज सं. 30, 82, 135 लुधियाना -धुरी ब्रिज सं 60-ए, 100 राजपुर -धुरी 221, 292 धुरी- भटिंडा & 143 भटिंडा -श्रीगंगानगर सेक्शन 5) प्रोविशन ऑफ 3 एम एफ ओ बी एट बरवाला (बी एक्स सी) | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 5233706.01/- | Rs. 104700/- | 180 दिन |
| 2. | OT-02/ 2026-27 | रिप्लेसमेंट ऑफ नॉन आर डी एस ओ टाइप ऑटोमेटिक फायर डिटेक्शन अलार्म सिस्टम (ए एफ डी ए एस) विद आर डी एस ओ टाइप एट स्टेशन एण्ड रीले हटस ओवर अंबाला डिवीजन। | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 58700004.25/- | Rs. 1174000/- | 180 दिन |
| 3. | OT-03/ 2026-27 | सिग्नलिंग वर्क इन सी/डब्ल्यू (i) प्रोविशन ऑफ इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बेरीअर (इ.एल.बी.) इन ल्यू ऑफ लेफ्ट ओवर मैकेनिकल लिफ्टिंग बेरीअर (एम एल बी) एण्ड प्रोविशन ऑफ सिग्नल्स ऑन इन्टरइंटरलॉकड लेवल क्रोसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ आई.पी.एस. ऑन लेफ्टओवर इंटरलॉकड लेवल क्रोसिंग गेट्स ओवर अंबाला डिवीजन | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 26568133.09/- | Rs. 531400/- | 270 दिन |
| 4. | OT-04/ 2026-27 | प्रोविजन ऑफ रेलनेट कनेक्शन इन सी & डब्ल्यू वर्कशॉप एट जगाधरी वर्कशॉप & कालका वर्कशॉप। | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 35123853.29/- | Rs. 702500/- | 270 दिन |
| 5. | OT-05/ 2026-27 | इम्प्लीमेंटेशन ऑफ यू० टी०एस० माडर्नाइजेशन फॉर टियर –2/3/4 लोकेशन्स एज पर डायरेक्शन ऑफ सी. & आई. एस. डायरेक्टरेट ऑफ रेलवे बोर्ड ओवर अंबाला डिवीजन। | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 36054555.42/- | Rs. 721100/- | 270 दिन |
| 6. | OT-06/ 2026-27 | i) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेन्ट अन्डर जुरिस्डिक्शन ऑफ ए.डी.ई.एन. / सीडी.जी., (ii) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेन्ट अंडर जुरिस्डिक्शन ऑफ ए डी ई एन/अंबाला। (iii) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेन्ट वर्क्स इन 20 यार्ड्स अन्डर सीनियर डी. ई. /iv/ अंबाला। | 18.05.2026 at 15:00 hrs. | Rs. 9048084.67/- | Rs. 181000/- | 180 दिन |

नोट :– 1. वरि. मंडल सिग. एवं टेली. इंजी./उ.रे., डी.आर.एम. ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–।।। डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ ले।

1353/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





## चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान परिपक्व लोकतंत्र का संकेत

हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ है, उसने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया है। दोनों राज्यों के लोगों ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंगाल में लगभग 92.10 प्रतिशत और तमिलनाडु में 85 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु में पहली बार मतदाताओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले। यह प्रमाणित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस बढ़ती राजनीतिक चेतना का संकेत हैं, जो अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित होती है। जब अधिक से अधिक लोग मतदान करते हैं, तो यह स्पष्ट संदेश जाता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। लोग अपने मत के महत्व को समझने लगे हैं और उसका प्रयोग कर अपने मन व हितों को समझने वाले जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए कर रहे हैं। बंगाल में एक चरण का मतदान हो चुका है, अब उम्मीद है कि अगले चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की राय भी चुनाव परिणाम में परिलक्षित होगी। लंबे समय तक यह चिंता जताई जाती रही कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है या युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाए रखता है। इस बार के आंकड़े इस धारणा को काफी हद तक तोड़ते नजर आते हैं। खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की सक्रियता इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू है। उच्च मतदान के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी मुद्दों की तीव्रता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींचती है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूचियों में सुधार भी एक अहम कारक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के बाद सूचियों को अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे फर्जी, या निष्क्रिय, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों के नामों को हटाया गया। इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ा है, क्योंकि अब वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। असम, केरल और पुडुचेरी में भी हाल के चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। यह प्रवृत्ति बताती है कि देशभर में मतदाता अब पहले की तुलना में अधिक सजग और सक्रिय हो रहे हैं। यह केवल चुनावी उत्साह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था का संकेत है। रिकॉर्ड मतदान का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे चुनी गई सरकारों की वैधता और स्वीकार्यता बढ़ती है। जब बड़ी संख्या में लोग मतदान करते हैं, तो यह सरकार को व्यापक जनादेश प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप सरकारों पर यह दबाव भी बनता है कि वे किसी एक वर्ग या समुदाय के बजाय सभी के हितों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाएं। इस तरह उच्च मतदान सामाजिक समावेशन और संतुलित विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि यह जागरूकता मतदान के बाद भी बनी रहती है, तभी लोकतंत्र वास्तव में परिपक्व कहा जा सकता है। कुल मिलाकर बंगाल और तमिलनाडु में हुआ रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और मजबूती का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि देश का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय हो चुका है। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत का लोकतंत्र न केवल विशाल है, बल्कि वास्तव में परिपक्व भी है।

## पर्यावरण

ममता कुशवाहा



# गर्मी की लपटों में घिरता जीवन

पिछले कुछ दशकों में पृथ्वी का तापमान जिस तीव्रता से बढ़ा है, उसने मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा कर दिया है। कभी जो गर्मी केवल मौसम का एक सामान्य चक्र मानी जाती थी, आज वह एक विनाशकारी प्रवृत्ति का रूप ले चुकी है। वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि की यह रफ्तार नहीं रुकी, तो आने वाले वर्षों में हीट वेव, सूखा, बाढ़ और अन्य चरम मौसमी घटनाएं सामान्य हो जाएंगी। भारत जैसे उष्णकटिबंधीय देश, जहां बड़ी आबादी पहले से ही सीमित संसाधनों पर निर्भर है, इस संकट के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं। बढ़ता तापमान केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य से जुड़ा एक बहुआयामी संकट बन चुका है। तापमान वृद्धि का मूल कारण मानव गतिविधियों से उत्पन्न ग्रीनहाउस गैसों का अत्यधिक उत्सर्जन है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग और वनों की कटाई ने पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन को बिगाड़ दिया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यदि वैश्विक तापमान में 1.5 से 2 डिग्री सेल्सियस तक भी वृद्धि होती है, तो इसके प्रभाव बेहद व्यापक और गंभीर होंगे। अल नीनो जैसी प्राकृतिक घटनाएं इस संकट को और अधिक तीव्र बना देती हैं, जिससे मानसून कमजोर पड़ सकता है और तापमान में असामान्य वृद्धि हो सकती है। यह स्थिति केवल एक मौसम की नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक परिवर्तन की ओर संकेत करती है। भारत में बढ़ते तापमान का प्रभाव कई स्तरों पर दिखाई दे रहा है। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों से लेकर मध्य और पश्चिमी भारत तक हीट वेव की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचना अब सामान्य होता जा रहा है। इसका सीधा असर कृषि पर पड़ता है, जहां फसलों की उत्पादकता घट रही है और किसानों की आजीविका संकट में पड़ रही है। जल संकट भी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है, क्योंकि बढ़ती गर्मी के कारण जल स्रोत तेजी से सूख रहे हैं। शहरों में 'हीट आइलैंड इफेक्ट' के कारण तापमान और अधिक बढ़ जाता है, जिससे शहरी जीवन और भी कठिन हो जाता है। बढ़ते तापमान का सबसे गंभीर प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, हृदय रोग और श्वसन संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और गरीब वर्ग इस संकट के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। गर्मी के कारण कार्य क्षमता में कमी आती है, जिससे मजदूर वर्ग की आय प्रभावित होती है। अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। यह एक ऐसी मौन आपदा है, जो धीरे-धीरे समाज को अंदर से कमजोर कर रही है। उद्योगों को अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जिससे लागत बढ़ती है। इसके अलावा, आपदाओं के कारण होने वाला नुकसान भी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ता है। इस प्रकार, बढ़ता तापमान एक ऐसा संकट है, जो विकास की पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण ने इस समस्या को और अधिक जटिल बना दिया है। कंक्रीट के जंगल, कम होते हरित क्षेत्र और बढ़ते प्रदूषण ने शहरों को 'हीट आइलैंड' में बदल दिया है। एयर कंडीशनर और अन्य शीतलन उपकरणों का बढ़ता उपयोग ऊर्जा की खपत को बढ़ाता है, जिससे ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन और बढ़ता है। यह एक दुष्चक्र है, जिससे निकलना आसान नहीं है। बढ़ते तापमान के इस संकट से निपटने के लिए एक समग्र और दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की मांग है। नीति निर्माण में पर्यावरणीय पहलुओं को प्राथमिकता देनी होगी और सतत विकास के सिद्धांतों को अपनाना होगा। अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, क्योंकि यह एक वैश्विक समस्या है, जिसका समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।

बढ़ते तापमान का संकट केवल एक चुनौती नहीं है, बल्कि यह एक अवसर भी है, अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करने का, प्रकृति के साथ अपने संबंधों को सुधारने का और एक अधिक सतत भविष्य की ओर बढ़ने का। यदि हम समय रहते इस दिशा में ठोस कदम उठाते हैं, तो न केवल इस संकट के प्रभाव को कम कर सकते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और संतुलित दुनिया भी सुनिश्चित कर सकते हैं। यह समय केवल चिंता करने का नहीं, बल्कि कार्रवाई करने का है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## दिवस विशेष

बलकार सिंह पूनियां

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं।

# खामोशी से बदलता ग्रामीण भारत

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"—भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिससे नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय निरंतर विस्तार पा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत उसके गांवों में निहित है और इन गांवों की शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

73वें संविधान संशोधन (1992) के लागू होने के बाद, जब पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, तब शायद ही किसी ने यह कल्पना की होगी कि यह प्रावधान एक गहरी सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा। आज यह क्रांति किसी शोर-शराबे या आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि 'मौन क्रांति' के रूप में सामने आई है, जिसमें महिलाएं न केवल संख्या में बढ़ी हैं, बल्कि नेतृत्व के केंद्र में आकर ग्रामीण भारत के विकास की दिशा तय कर रही हैं। 73वां संविधान संशोधन भारतीय लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुआ, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए महिलाओं के लिए न्यूनतम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया। समय के साथ 20 से अधिक राज्यों द्वारा इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देने से ग्रामीण शासन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है। आज देश की लगभग 2.6 लाख पंचायतों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में करीब 14.5 लाख महिलाएं हैं, जो कुल का लगभग 46 प्रतिशत हैं, और कई राज्यों में यह आंकड़ा 50 से 53 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है। यह न केवल विश्व में स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि ग्रामीण लोकतंत्र अब पारंपरिक पुरुष-प्रधान ढांचे से आगे बढ़ चुका है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से उभरता महिला नेतृत्व ग्रामीण भारत में एक 'मौन क्रांति' का रूप ले चुका है, जो बिना शोर-शराबे के सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सशक्त लोकतंत्र की नई दिशा तय कर रहा है। महिला नेतृत्व के विस्तार ने ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ाकर मानवीय विकास के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहां पहले पंचायतों का ध्यान मुख्यतः सड़कों, भवनों और भौतिक संरचनाओं तक सीमित रहता था, वहीं महिला प्रतिनिधियों ने पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा



और पोषण जैसे जीवन-गुणवत्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न अध्ययनों और आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट होता है कि महिला-नेतृत्व वाली पंचायतों में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूल नामांकन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं के फंड का उपयोग लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही के स्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। इस प्रकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जन-केंद्रित दिशा भी प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में महिलाओं का उभरता नेतृत्व आज ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुका है। पीआईबी 2024 के अनुसार, सम्मानित पंचायतों में से लगभग 42% का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, जो यह दर्शाता है कि महिला प्रतिनिधि केवल सहभागिता तक सीमित नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मानक स्थापित कर रही हैं। नारी शक्ति, "स्वस्थ पंचायत और बाल हितैषी पंचायत" जैसी श्रेणियों के साथ-साथ कार्बन न्यूट्रल जैसे आधुनिक विषयों में भी उनका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत द्वारा 26 पुरस्कार जीतना इस नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है। सरकार द्वारा पुरस्कारों का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई जैसी ऐतिहासिक नायिकाओं के नाम पर रखना भी इस परिवर्तन को सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान करता है। फिर भी यह 'मौन क्रांति' चुनौतियों से अछूती नहीं है। कई क्षेत्रों में 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां महिलाओं की वास्तविक स्वायत्तता को सीमित करती हैं, जबकि पहली बार सार्वजनिक जीवन में आने वाली अधिकांश महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और संवैधानिक प्रावधानों की सीमित जानकारी होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लगभग 70–80 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों को प्रारंभिक स्तर पर पंचायत की कार्यप्रणाली की पूरी समझ नहीं होती, जिससे उनके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अंतर को तेजी से कम किया है। वर्ष 2025-26 में 7 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिससे उनकी प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सशक्तिकरण ने भी इस परिवर्तन को नई गति दी है।

यदि इसे सतत प्रशिक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समर्थन से और मजबूत किया जाए, तो यह मौन क्रांति न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदल सकती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को भी अधिक समावेशी और सशक्त दिशा प्रदान कर सकती है। स्पष्ट है कि पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व ग्रामीण भारत एक 'मौन क्रांति' के रूप में उभर रहा है। बिना शोर के लोकतांत्रिक भागीदारी, विकास की प्राथमिकताओं और सामाजिक संरचना को बदल रहा है। हालांकि, इस परिवर्तन को स्थायी रूप देने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय स्वायत्तता और सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। जब महिलाएं वास्तविक निर्णयकर्ता के रूप में पूरी तरह सशक्त होंगी, तब यह मौन क्रांति समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत की ठोस आधारशिला बन जाएगी।

(लेखक इग्नू में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# आत्म संयम योग में स्थित रहें



संकलित

**दर्शन**

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो



संकलित

**प्रेरणा**

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जाएगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं, ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनिया के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनिया की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ज्ञान की विरासत व रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रुचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआई के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों के महत्व को रेखांकित करता है। *– मनिता, सोनीपत*

## ट्रेंड

### गहरी संवेदनाएं



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**- राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री,

### विचारधाराओं की लड़ाई



विचारधाराओं की इस लड़ाई में केवल कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। वे अधिकार छीनते हैं, हम उन्हें दिलाते हैं। वे संविधान मिटाना चाहते हैं, हम उसकी रक्षा करते हैं। वे भारत की विविधता को नष्ट करना चाहते हैं, जबकि हम हर संस्कृति और हर भाषा का सम्मान करते हैं।

**-राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### महिला आरक्षण



भारत की महिलाओं ने इस उम्मीद से संसद की ओर देखा कि 33% आरक्षण जल्द लागू किया जाएगा और नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आवाज उठाने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने इस कदम को रोक दिया।

**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### उपद्रवी तत्व



भाजपा के उपद्रवी तत्व अब सीधे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि अहंकारी भाजपा सरकार ही उनकी रक्षक है। क्या अब पुलिस को भी पीड़ित कहा जाएगा?

**-अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में हैकरों ने मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम किए हैक

श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि साइबर हैकरों ने मंत्रालय के बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें सेंध लगा ली और विदेशी मुद्रा भुगतान से संबंधित चोरी को अंजाम दिया। वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने चोरी के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थानों के पास शिकायत दर्ज करा दी है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, 'साइबर हैकरों ने संस्थान के अंदर बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा ली है।' यह बयान विपक्ष के उस दावे के बाद जारी किया गया जिसमें कहा गया था कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर के राजकोषीय धन को विदेशी ऋण चुकाने से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई खाते के बजाय किसी अन्य खाते में भेज दिया गया है। विपक्ष के वकीलों के एक समूह ने संसद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि सितंबर 2025 में श्रीलंका को एक ऋणदाता को 2.29 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना था। वकीलों के समूह ने बताया कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर की आंशिक राशि का भुगतान दिसंबर 2025 और 31 जनवरी 2026 के बीच किया गया था। अब यह खुलासा हुआ है कि आंशिक भुगतान सही ऋणदाता के खाते में नहीं बल्कि एक हैकर के खाते में पहुंचा था।



## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# आईपीएल : गेल ने 37, रसेल ने 47 और क्लासेन ने 52 पारी में ठोक डाले 100 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में हेनरिक क्लासेन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम योगदान दिया। क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। इस बीच लीग में सबसे कम पारियों में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### हेनरिक क्लासेन (52 पारी)

*क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर की 52 पारियों में छक्कों का शतक पूरा किया। क्लासेन ने 1,072 गेंदों में 100 छक्कों का आंकड़ा छुआ, जिससे वह गेंदों के हिसाब से सातवें सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। क्लासेन ने मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने 56 मैचों में 41.86 की औसत और 166.51 के स्ट्राइक रेट से 1,800 रन बनाए हैं।*

### गेल (37 पारी)

*वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 37 पारियों में अपने 100 छक्के पूरे किए थे। वह आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेले थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था। आखिरी बार वह 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। गेल ने 142 मैच की 141 पारियों में 357 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 404 चौके भी निकले थे। इस खिलाड़ी ने 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे।*



### आंद्रे रसेल (47 पारी)

*केकेआर के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल ने 47 पारियों में अपने 100 आईपीएल छक्के पूरे किए थे। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 140 मैच खेले, जिसमें 28.20 की औसत और 174.17 की स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 12 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 88 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 23.27 के औसत से 123 विकेट भी लिए हैं।*

## आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक कुछ बेहतरीन शतक लग चुके हैं। इस सीजन के 31वें मैच में एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 68 गेंदों में 135 रन की बड़ी पारी खेली। उनके शतक की मदद से एसआरएच ने मैच में 47 रन से जीत दर्ज की। इस बीच टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली

विराट कोहली का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में अब तक 13,000 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें कुल 9 शतक शामिल हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने 8 शतकीय पारियां खेली हैं। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बता दें कि कोहली 2007 से टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में कुल 8 शतक लगा चुके हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 12,000 से अधिक रन बना चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 151 पारियों में 4,231 रन के साथ किया था। इसके अलावा आईपीएल में उनके बल्ले से 2 शतक और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक शतक निकले हैं।

## खबर संक्षेप

### बार्सिलोना सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है।

### हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी



**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। **सिटी और आर्सेनल के हुए समान अंक :** अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रियानुज और ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने



**देहरादून।** असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। **अंडर-17 में रोमांचक रहा मुकाबला :** वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ऋत्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता।

मुंबई की आईपीएल में सबसे बड़ी हार

# संजू सैमसन का शतक, सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक और बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन (17 रन देकर चार विकेट, एक मेडन) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 103 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत से सीएसके छह अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से आठवें स्थान पर खिसक गई। सैमसन के आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जड़े थे। उनके शतक से सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 207 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस शुरूआती झटकों से नहीं उबर सकी और 19 ओवर में महज 104 रन पर ऑल आउट हो गई।

- सैमसन की सीजन की दूसरी सेंचुरी
- अकील हुसैन को 4 विकेट




### चेन्नई-207/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन
विकेट पतन : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181
गेंदबाजी: बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

### मुंबई-104/10 (19)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो मुकेश चौधरी | 07 |
| दानिश का सैमसन बो हुसैन | 00 |
| नमन धीर बो हुसैन | 00 |
| सूर्यकुमार का सरफराज बो हुसैन | 35 |
| तिलक वर्मा बो हुसैन | 37 |
| हार्दिक पांड्या का चौधरी बो नूर | 01 |
| शेरफाने का कंबोज बो नूर | 00 |
| शार्दुल का ब्रेविस बो कंबोज | 06 |
| कृष का गुरजपनीत बो ओवरटन | 07 |
| अश्विनी कुमार नाबाद | 01 |
| बुमराह का सैमसन बो गुरजपनीत | 02 |

अतिरिक्त : 08
कुल योग : 19 ओवर में 104 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-7, 2-7, 3-11, 4-122, 5-85, 6-85, 7-87, 8-100, 9-100
गेंदबाजी: हुसैन 4-0-17-4, मुकेश 4-0-31-1, अंशुल 3-0-10-1, नूर 4-0-23-2, जेमी 2-0-14-1, गुरजपनीत 2-0-7-1

### आरसीबी और गुजरात के बीच भिड़ंत आज

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से होगा। आरसीबी ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबले खेले हैं। 4 मैच में उसे जीत और 2 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी ने भी 6 मैच खेले हैं। तीन मैच में उसे जीत और इतने ही मुकाबलों में उसे हार मिली है। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। यह मैदान अपनी छोटी बाउंड्री के कारण हाई स्कोरिंग मैदान के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यहां स्पिन गेंदबाजों बीच के ओवर के दौरान प्रभावशाली होते हैं।

## आईपीएल इतिहास में भुवनेश्वर 208 व बुमराह 184 धुरंधरों को पहुंचा चुके हैं पैवेलियन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 30वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों से हरा दिया। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद बुमराह ने इस संस्करण में अपने विकेटों का खाता खोला और पारी की पहली गेंद पर साई सुदर्शन को आउट कर दिया। इसके साथ ही वह ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल में दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज बन गए।

### भुवनेश्वर - 208 विकेट

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार हैं। उन्होंने इस संस्करण में ही अपने 200 विकेट पूरे किए हैं।

भुवनेश्वर ने अब तक 196 मैचों में 26.98 की औसत से 208 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 2 बार 5 और दो बार 4 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। तीन फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके भुवनेश्वर पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।

### बुमराह - 184 विकेट

बुमराह अब आईपीएल इतिहास में तेज गेंदबाजों में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने 151 मैचों में 22.88 के औसत से 184 विकेट लिए हैं। ये सभी विकेट उन्होंने एमआई के लिए खेलते हुए चटकाए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.28 है और उन्होंने 2 बार 5 विकेट लिए हैं। खास बात यह है कि बुमराह के नाम टूर्नामेंट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

### ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट

इस सूची में वेस्टइंडीज और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो तीसरे पायदान पर हैं। वह अपने आईपीएल करियर में 161 मैचों की 158 पारियों में 23.82 की औसत और 8.39 की इकॉनमी से 183 विकेट चटकाने में सफल रहे थे। सीएसके, एमआई और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व कर चुके ब्रावो अपने करियर में 2 बार 4 विकेट हॉल लेने में सफल रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 22 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है।

कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे

## चोट से उबरे मिचेल स्टार्क डीसी के लिए खेलने आ रहे भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेलने के लिए अनुमति मिल गई है। 36 वर्षीय स्टार्क कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे, अब वे बिना दर्द गेंदबाजी कर रहे हैं। वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़ सकते हैं। चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद यह उनका इस सीजन पहला मुकाबला हो सकता है।

### जनवरी के बाद से नहीं खेला एक भी मैच

स्टार्क ने इस साल जनवरी के अंत के बाद से किसी तरह का क्रिकेट नहीं खेला है। नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच खेली गई एशेज सीरीज में उन्होंने 31 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग में 5 मैच खेले, जहां पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय उनके बाएं कंधे और कोहनी में चोट लग गई थी।



### जल्द आएंगे भारत

चोट से ब्रेक के बाद गेंदबाजी करते समय स्टार्क को थोड़ी तकलीफ महसूस हुई, जिससे आईपीएल में वे अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। आईपीएल की शुरुआत में भारत नहीं आने को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हुई थी, जिस पर स्टार्क ने सोशल मीडिया पर सफाई दी थी। उन्होंने अपनी गैरमौजूदगी पर फैली गलत जानकारी पर निराशा जताई थी। अब सिडनी में एक हफ्ते तक गेंदबाजी करने के बाद वह शुक्रवार को भारत रवाना होंगे।

### राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज बर्गर पर जुर्माना

**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस 30 वर्षीय खिलाड़ी के खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

बयान के अनुसार, ''राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष जूनियर ट्रैक एवं फील्ड एथलीट

एजेंसी ▶▶| तुमकुर (कर्नाटक)

देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित 1,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

### अगले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालीफिकेशन मानक घोषित किए हैं।



### पहले दिन महिला खिलाड़ियों का भी फैसला

प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा।

आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता

# भारत के निशानेबाजों ने एक दिन में जीते चार मेडल

एजेंसी ▶▶| काहिरा

भारत के युवा निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।

इससे पहले शिवा नरवाल ने गोल्ड, चिराग शर्मा और पनाह भुंगरा ने सिल्वर मेडल जीते थे, जिससे भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। काहिरा में आयोजित इस वर्ल्ड कप में 25 देशों के 284 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने सबसे बड़ा दल (71 खिलाड़ी) भेजा है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। भारत के युवा निशानेबाज लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और जूनियर वर्ल्ड कप में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह प्रदर्शन भविष्य के लिए भारतीय शूटिंग के उज्ज्वल संकेत दे रहा है।

### सीजल कांबले ने जीता सिल्वर

सीजल कांबले ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

### अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इसी स्पर्धा में अंजलि भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।




### कुल पदक संख्या

भारत के खाते में अब तक 1 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल आ चुके हैं।

### पुरुष 25 मीटर पिस्टल में भारत का दबदबा

*पुरुष 25 मीटर पिस्टल इवेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। राज चंद्र ने 580 स्कोर के साथ सिल्वर जीता, जबकि अभिनव देशवाल ने 578 के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। इस इवेंट में टॉप-6 में पांच भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी भारत की मजबूती को दिखाती है।*

## दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में भारत से बनाई अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।



### हरमन और शेफाली के अर्धशतक बेकार

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरों की मदद के लिए आया चैट जीपीटी



**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सहायता के लिए 'चैटजीपीटी फॉर क्लिनिशियंस' लॉन्च किया है, जो नैदानिक कार्यों को आसान बनाने और दस्तावेज़ीकरण के बोझ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह टूल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को कम करने और डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्यों के बजाय मरीजों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा।

### ब्रिटेन में ई-सिगरेट पर बैन, नया बिल पास



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने एक नया बिल पास किया है, जिसके तहत 31 दिसंबर 2008 के बाद जन्मे लोग कभी भी सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। यह कानून लागू होने के बाद देश में धूम्रपान को कम करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया और कहा कि इससे लोगों की जान बचेगी और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा।

### भारत के साथ 'डील' आसान नहीं: जैमीसन



**लंदन।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत अपने घरेलू हितों को प्राथमिकता देता है, खासकर कृषि क्षेत्र में, इसलिए बातचीत आसान नहीं है।

---

31 मई को शुरू होगी चौथी इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट

# जयशंकर ने लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की, कहा अफ्रीका के विकास के बिना भारत का विकास अधूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत, अफ्रीकन यूनियन कमीशन के साथ मिलकर 31 मई 2026 को नई दिल्ली में चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट की मेजबानी करने जा रहा है। समिट से पहले भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 23 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली में चौथे आईएएफएस का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च की। चौथे आईएएफएस में पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के नेता, अफ्रीकन यूनियन कमीशन और क्षेत्रीय संगठन के प्रतिनिधि एक साथ आएंगे ताकि



भारत-अफ्रीका की पक्की साझेदारी को मजबूत किया जा सके और अलग-अलग क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने के लिए एक रोडमैप तैयार किया जा सके।

### भारत-अफ्रीका के बीच बड़ी साझेदारी




विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह समिट 'आईए स्प्रिट: इंडिया अफ्रीका स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फॉर इनोवेशन, रेजिलिएंस, एंड इनक्लूसिव ट्रांसफॉर्मेशन' थीम के तहत होगी, जो भारत और अफ्रीका के बीच साझेदारी के बड़े नेचर को दिखाती है। समिट से पहले, तैयारी के लिए कई मीटिंग होंगी, जिसमें 29 मई 2026 को भारत-अफ्रीका विदेश मंत्रियों की बैठक शामिल है। इसके पहले 28 मई को सीनियर अधिकारियों की मीटिंग होगी, जिसमें भारत और अफ्रीका के बीच सहयोग के खास क्षेत्र पर बातचीत होगी।

### डिजिटल, फिनटेक क्षेत्रों में हो रहा जुड़ाव

*इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका की आजादी के बिना हमारी आजादी पूरी नहीं थी, अफ्रीका के विकास के बिना हमारा विकास पूरा नहीं था, और हमारी तरक्की तभी पूरी और पक्की होगी जब हम अफ्रीका की तरक्की भी देखेंगे। हमारी बड़े पैमाने पर डेवलपमेंट पार्टनरशिप और कैपेसिटी-बिल्डिंग की कोशिशें, जो अफ्रीकी प्राथमिकताओं और लोकल ओनरशिप से चलती हैं। डिजिटल, फिनटेक और इनोवेशन के नए क्षेत्रों में हमारे जुड़ाव का विस्तार, पूरे अफ्रीकी महाद्वीप की अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार दे रहा है।*

### अफ्रीका को हर क्षेत्र में सहयोग करेगा भारत

विदेश मंत्री ने कहा कि टिकाऊ भविष्य के लिए मजबूत सहयोग- इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस, कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर और इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में हमारा गहरा जुड़ाव। ग्लोबल गवर्नेंस में अफ्रीका की सही जगह के लिए भारत का लगातार समर्थन, भारत की 2023 की अध्यक्षता के दौरान जी20 में एयू के शामिल होने से दिखा।

### साझा इतिहास को पार्टनरशिप में बदल रहे

विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका में भारत की बढ़ती डिप्लोमैटिक मौजूदगी, हर अफ्रीकी इलाके के साथ जुड़ने के हमारे लंबे समय के कमिटमेंट को दिखाती है। संघर्ष, एकजुटता, मजबूती और उम्मीदों का हमारा साझा इतिहास हमारी पार्टनरशिप को आकार दे रहा है। भारत और अफ्रीका मिलकर सिर्फ डेवलपमेंट में ही पार्टनर नहीं हैं, हम एक बेहतर दुनिया बनाने में भी पार्टनर हैं।

---

भारत-फ्रांस का हवाई सफर होगा आसान

# एयरपोर्ट से ट्रांजिट करने के लिए अलग से वीजा नहीं लेना पड़ेगा



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत से फ्रांस के रास्ते हवाई मार्ग से जाने वाले यात्रियों के लिए अब सफर आसान हो जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई थी। अब फ्रांस ने आधिकारिक तौर पर एयरपोर्ट ट्रांजिट वीजा की आवश्यकताओं को हटा दिया है। यह फैसला 10 अप्रैल से लागू हो चुका है। इसका मतलब है कि अब भारतीय नागरिकों को फ्रांस के एयरपोर्ट से ट्रांजिट करने के लिए अलग से वीजा नहीं लेना पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान इसे दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का एक बड़ा प्रमाण बताया है।

### नागरिकों की सुरक्षा अहम

*जायसवाल ने बताया कि कल दो विदेशी जहाजों पर फायरिंग की घटना हुई है। इसमें ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के शामिल होने की खबर है। भारत इस मामले पर पूरी गंभीरता से नजर रख रहा है। इन जहाजों पर भारतीय नाविकों के सवार होने की भी सूचना मिली है। भारत सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार ईरान के संपर्क में है। भारत ने अमेरिका के समक्ष हॉर्मुज जलडमरूमध्य में कमर्शियल जहाजों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है।*

### जापान के साथ खास पार्टनरशिप

भारत और जापान के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग अब एक नए स्तर पर पहुंच गया है। विदेश मंत्रालय ने जापान द्वारा रक्षा उपकरण और तकनीक ट्रांसफर के सिद्धांतों की समीक्षा करने के फैसले का स्वागत किया है। यह सहयोग भारत-जापान स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्तंभ है। दोनों देश अब सरकारी संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे भारत की नेशनल सिक्योरिटी और आर्थिक गतिशीलता को नई मजबूती मिलेगी। खासकर क्रिटिकल सेक्टर्स में स्वदेशी तकनीक विकसित करने में जापान का अनुभव भारत के काम आएगा।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ की अहम बैठक

रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने की अपील

# कहा- दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं

*रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है*

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक में टेक्नोलॉजी के सह-विकास और सह-उत्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित इस बैठक में दोनों देशों के रक्षा उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है। उन्होंने जर्मन कंपनियों से अपील की कि वे भारत के साथ मिलकर आधुनिक और विशेष तकनीकों के क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ें। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस तरह का सहयोग न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर भारत रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



जर्मनी की राजधानी बर्लिन में डिफेंस इंवेस्टर समिट को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हस्ताक्षर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। इसकी जानकारी 'एक्स' पर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने तथा उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। खासकर नई तकनीकों के क्षेत्र में मिलकर काम करने और उत्पादन बढ़ाने पर। इस दौरान 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा

### सबमरीन प्लांट भी देखा तकनीकी जानकारी ली

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने र्मनी के कील शहर में थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमसी) के सबमरीन बनाने वाले प्लांट का दौरा किया। वहां उन्हें आधुनिक नौसेना तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे।*



### जर्मनी के साथ 75,272 करोड़ रुपए की बड़ा सैन्य समझौता

#### भारत आएगी दुनिया की सबसे साइलेंट सबमरीन टेक्नोलॉजी

*भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी डील होने जा रही है। यह डील 8 अरब डॉलर (करीब 75,272 करोड़ रुपए) की है और अगले 90 दिनों के अंदर इस पर अंतिम मुहर लग सकती है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद इसकी जानकारी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में छह एडवांस सबमरीन बनाई जाएंगी। भारत सरकार वर्तमान में इस एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। यह पहली बार होगा जब जर्मनी अपनी सबमरीन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी किसी गैर-यूरोपीय देश को ट्रांसफर करेगा। इस डील के लिए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले ही चर्चा हो चुकी है। इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत कुल छह सबमरीन का निर्माण भारत में ही किया जाएगा।*

---

राज्यों को 30 दिन का समय

# महंगी किताबों पर लगी रोक चलेगी सिर्फ एनसीईआरटी

शिकायतों के बाद लिया गया फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और हर साल महंगी किताबें खरीदने के दबाव पर अब लगाम लगने वाली है। मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने साफ कर दिया है कि स्कूल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, बच्चों के साथ अकादमिक भेदभाव नहीं चलेगा। प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने देशभर से मिली शिकायतों के बाद सभी राज्य सरकारों और शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर 30 दिन में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह कार्रवाई नमो फाउंडेशन द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर की है। दरअसल, प्राइवेट स्कूल जानबूझकर प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें लगवाते हैं, जो एनसीईआरटी के मुकाबले 10 गुना तक महंगी होती हैं, अब आयोग ने कहा है कि कक्षा 8 तक एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं?.



आयोग ने शिक्षा मंत्रालय से भी पूछा है कि कक्षा 8 तक का सिलेबस, तय सरकारी मानकों से अलग क्यों है? शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 29 का हवाला देते हुए आयोग ने साफ किया कि ज्यादा किताबें और भारी बोझ लादने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

---

भारत में बढ़ रहा अमीरों का दबदबा

# 'अरबपतियों' की संख्या पहुंचेगी 300 के पार, विश्व में तीसरा देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एआई इमेज

भारत में अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (यूएचएनडब्ल्यूआई) की आबादी तेजी से बढ़ी है और 2031 तक यह 25,000 के अधिक होने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार नाइट फ्रैंक के एनालिसिस रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की यूएचएनडब्ल्यूआई आबादी वर्तमान में 19,877 है, जो कि 2031 तक 27 प्रतिशत बढ़कर 25,217 होने की उम्मीद है। भारत में अरबपतियों की संख्या में भी पिछले पांच वर्षों में 58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई है, जो 2026 में बढ़कर 207 हो जाएगी, जो अमेरिका और चीन के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। आम तौर पर, ऐसे व्यक्ति जिनके पास 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक की तरल या निवेश योग्य संपत्ति होती है, उन्हें यूएचएनडब्ल्यूआई माना जाता है।

---




---

ईरान से संघर्ष के बीच नाटो सहयोगियों को झटका देने की तैयारी

# 'शरारती और अच्छे' की सूची तैयार, मूल्यांकन कर देंगे दंड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर नाटो सदस्य देशों की एक 'शरारती और अच्छे' (नॉटी एंड नाइस) की सूची तैयार की है। यह सूची ट्रंप प्रशासन की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत उन सहयोगियों का मूल्यांकन किया जाएगा और संभवतः उन्हें दंडित भी किया जाएगा।

जिन्होंने ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिका के रुख का समर्थन नहीं किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस पहल पर काम नाटो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

महासचिव मार्क रुटे की वाशिंगटन यात्रा से पहले शुरू कर दिया गया था। नॉटी एंड नाइस की सूची सदस्यों को उनके रक्षा योगदान और व्यापक सहयोग के आधार पर वर्गीकृत करती है।

**मूल्यांकन रक्षा योगदान और व्यापक सहयोग के आधार पर**

### याद रखेंगे अमेरिका का नहीं दिया साथ

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन लगातार चेतावनियों को रेखांकित करता है कि जो सहयोगी रक्षा खर्च में हिस्सेदारी या रणनीतिक समर्थन के मामले में अमेरिका की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने प्रशासन के इस रुख को लेकर कहा है कि अमेरिका हमेशा अपने सहयोगियों के लिए खड़ा रहा है लेकिन 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान वो हमारे लिए खड़े नहीं हुए। ट्रंप कह चुके हैं कि अमेरिका इस बात को याद रखेगा।

### पूर्व विदेश मंत्री का खुलासा

#### यूएस के तीन राष्ट्रपतियों ने ठुकराया था प्लान



अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने खुलासा किया कि इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने अमेरिका के तीन नेताओं के सामने ईरान के साथ सैन्य संघर्ष का प्रस्ताव रखा था, जिसे सभी ने ठुकरा दिया। केरी ने कहा कि ओबामा, बुश और बाइडेन ने युद्ध के दबाव का विरोध किया। क्योंकि उन्होंने शांति के सभी उपायों को आजमाया नहीं था।

#### ईरान ने होर्मुज पर टोल से की बंपर कमाई



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ईरान ने कमाई का जरिया बना लिया है। होर्मुज से हुई पहली कमाई ईरान के सेंट्रल बैंक तक पहुंच गई है। ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हमीदरेजा हाजीबाबाएई ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के टोल से मिली पहली कमाई सेंट्रल बैंक के खाते में जमा कर दी गई है। लेकिन इसके बारे में उन्होंने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28